CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 20 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 158 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 23 जिलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी: अमित शाह पेज 2



बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने शतरंज में वर्ल्ड नंबर-1 को हराया खेल टाइम्स



ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात पेज 12

## ईरान से 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजरायल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया कि वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी एरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

# रूस ने अमेरिका को चेताया

## कहा: ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, दखल दिया, तो होंगे गंभीर नतीजे

**मास्को, वार्ता**

**रूस ने गुरुवार** को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इजरायल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम खास तौर पर वाशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे।

उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इजरायल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके।



### चीन ने भी की शांति बनाए रखने की अपील, पुतिन और जिनपिंग ने इजरायल के हमलों की निंदा की

एएफपी ने चीनी समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजरायल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है और दोनों ने इजरायल की कार्रवाई की कड़ी निंदा की हैं। दोनों नेताओं ने यह बात भी मानी कि पश्चिम एशिया में युद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

### खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं: इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिये इजरायल को खत्म करना चाहा है। ईरान ने गुरुवार सुबह इजरायल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इनमें 7 मिसाइलों को इजरायली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। बीर्शेबा में एक अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर मिसाइल गिरी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजरायली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। हम तेहरान में बैठे अत्याचारियों से इसकी -शेष पृष्ठ दो पर

# गले की फांस बना नोटों को जलाने का मसला

## खुलासा: जस्टिस वर्मा का ही था स्टोर रूम पर कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे।

पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।



### कैश केस- जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं

### कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पतंजलि®

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत: स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था LIVE प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 7:56 बजे



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को "जागरण के देवता" के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरुकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरुक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता है। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



## संक्षिप्त समाचार

### नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के निस्तारण में आई तेजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक जनवरी से 10 जून के बीच नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की पेंडेंसी का गहन विश्लेषण किया। इस अवधि में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या एवं उनके निस्तारण की दर से स्पष्ट हुआ कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस' अभियान के सकारात्मक नतीजे दिखाई पड़ रहे हैं। समीक्षा में पता चला कि राज्य के कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें गाजियाबाद में कुल 24,115 आवेदनों में केवल 15 आवेदन ही लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.06 प्रतिशत है। प्रयागराज (आरटीओ प्रयागराज) में कुल 23,914 में से केवल 33 आवेदन लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.13 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 13,523 आवे. दनों में से केवल 20 आवेदन (0.15 प्रतिशत) ही लंबित हैं।

### उमर ने वंदे भारत ट्रेन से किया सफर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर से कटरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। अब्दुल्ला के साथ उनके सलाहकार नासिर असलम वानी भी थे। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आज सुबह नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए। बाद में वह जम्मू जाएंगे। इससे पहले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला भी इसी ट्रेन से कटरा गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्घाटन के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस सात जून से कश्मीर घाटी और जम्मू के कटरा शहर को बनिहाल के रास्ते जोड़ते हुए शुरू हो गयी है। यह अर्ध-हाईस्पीड ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

# यूपी डिफेंस कॉरिडोर में सात इकाइयों ने शुरू किया संचालन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संच. ालन शुरू कर दिया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2018 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्थापित और विकसित किया गया यह गलियारा कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों ने यूपीडीआईसी में संचालन और उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स में अब तक 28 हजार 809 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिसमें लगभग 47 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, इनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन भी आरंभ कर लिया है, जिससे यह गलियारा अत्याधु. निक निर्माण और रणनीतिक उत्कृष्टता के केंद्र रूप में उभर रहा है।

# उपचुनाव: पांच विस सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश के चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। शाम पांच बजे केरल के नीलाम्बुर सीट पर सबसे अधिक 70.76 प्रतिशत और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा की दो तथा केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। अभी तक मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है। आयोग के अनुसार गुजरात की विसावादार सीट पर पांच बजे तक 54.61 प्रतिशत और कड़ी सीट पर 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76



■ केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत वोट पड़े

प्रतिशत, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 49.07 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गुजरात विधानसभा चुनाव के समय विसावादार सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। विधायक के पाला बदलने तथा इस्तीक्ता देने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। कड़ी सीट भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली थी। पार्टी ने इस सीट पर राजेंद्र चावड़ा को उतारा है, जबकि कांग्रेस ने रमेश चावड़ा और आम आदमी पार्टी ने जगदीश चावड़ा को मैदान में उतारा है। पश्चिम बंगाल में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। राज्य की कालीगंज सीट पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अलीक्ता अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### इनके निधन से खाली हुई थी सीट

कालीगंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व अलीक्ता के पिता ने एक दशक तक किया था। इस साल की शुरुआत में तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मृत्यु के कारण यह सीट रिक्त पड़ी थी। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन से रिक्त हुई थी। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने उद्योगपति और राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जीवन गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल की नीलम्बुर विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत है। कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी।

## हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं: गृह मंत्री

# अंग्रेजी बोलने वाले को जल्दी ही आएगी शर्म

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा कि अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय



■ पूर्व आईएएस आशुतोष की पुस्तक के विमोचन पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे। अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विक. सित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है। शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

### सत्ता का दुरुपयोग करती है भाजपा: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों और नेताओं की छवि खराब करने के लिए भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, जिसका नतीजा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट मची है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का व्यवहार अलोकतांत्रिक और तानाशाही का है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को वह अपने नियंत्रण में करना चाहती है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां देश के उद्योग और व्यापार का नुकसान कर रही है। भाजपा-आरएसएस विपक्ष में रहने के दौरान स्वदेशी का नारा देते थे। बड़े-बड़े दावा करते थे। आरएसएस के लोग स्वदेशी अपनाने को लेकर लम्बे-लम्बे भाषण करते थे। इन लोगों ने सत्ता में आने पर ऐसी नीतियां बना दी है कि पूरा देश विदेशी सामानों से भरा पड़ा है। देश के बाजार चीनी सामानों से पटे है। अब ये स्वदेशी की बात नहीं करते है। इस सरकार की गलत नीतियों से देश के कुटीर और छोटे उद्योग बर्बाद हो गए।

# कानपुर के सीएमओ डा. नेमी को निलंबित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ डा. उदय नाथ होंगे नए सीएमओ

**लखनऊ।** कार्य में अनियमितिता के आरोप में कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरिदास नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर श्रावस्ती के मौजूदा एसीएमओ डा. उदय नाथ को कानपुर भेजा गया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कार्य में शिथिलता और अनिमियतिता बरतने के आरोप में डा. नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हे कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं संबद्ध किया गया है। चिकित्सा शिक्षा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव रितु महेश्वरी ने आज एक अधिसू. चना जारी कर डा. नेमी के निल. ंबन की पुष्टि की। डा. नेमी पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में रिक्त पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों के संबंध में चयन प्रक्रिया के विप. रीत पदों का विज्ञापन/प्रकाशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर नहीं कराया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों की भी अवहेलना की। उन्होने बताया कि श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. उदय नाथ को कानपुर का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और डा. नेमी के बीच विवाद पिछले दिनों सुर्खियों में रहा है। डा. नेमी की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष समेत भाजपा के तीन स्थानीय विधायकों ने की थी, जबकि उनके विरोध में भाजपा के एक विधायक सामने आए थे।



सेंसेक्स 81361.87
निफ्टी 24793.25



सोना रु. 98768
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107343
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संक. ेतों और मध्य.पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093. 75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में



कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा।

इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंलकग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर भी गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.32, जापान का निक्केई 1. 02, हांगकांग का हैंगसेंग 1.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,733.40 अंक के निचले, जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,812.05 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर बंद हुआ।

### सोने का भाव 686 गिरकर 98,768 पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 686 गिरकर 98,768 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। चांदी की कीमत भी 2,069 गिरकर 1,07,343 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। नई दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है, जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4077 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की गिरावट के साथ 54.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे

और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 13919 रुपए, पाम ऑयल 13000 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रूस ने...**

रोकना फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शिन्हुआ के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष विराम और हमलों को रोकना सबसे जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका हथियार नहीं, बातचीत है। पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। काट्ज ने तेल अवीव के पास होलोन शहर में एएफपी से बातचीत में कहा कि खामेनेई खुले तौर पर कहते हैं कि वह इजरायल का खात्मा चाहते हैं। वह खुद अस्पतालों पर हमला करने का आदेश देते हैं। इजरायल को मिटाना उनके लिए एक लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे इंसान को अब और जीने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**खामेनेई...** पूरी कीमत वसूलेंगे। ईरान और इजरायल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजरायल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वाशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने भी ईरान में अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजरायली सेना (आईडीएफ) ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेता. वनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।

### डीपीआईआईटी ने किया योर स्टोरी मीडिया से करार

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने देश में समावेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्टार्टअप वातावरण को मजबूत करने के लिए निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म, योर स्टोरी मीडिया प्रा. लि. के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योर स्टोरी और द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने यहां दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह भागीदारी छोटे और मझोले दर्जे के शहरों में उभरती प्रतिभाओं का सहयोग करने के डीपीआईआईटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए।

अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को यहां लैंगिक बजट पर एक परामर्श कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों एवं विभागों के सहयोगियों को योजनाओं की समीक्षा लैंगिक दृष्टिकोण से करनी चाहिए। योजनाओं का लाभ महिलाओं तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाने के तौर तरीकों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में स्पष्ट लैंगिक परिणाम संकेतक शामिल किए जाने चाहिए और लैंगिक बजट को अपनी दीर्घकालीन नियोजन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लैंगिक बजट के महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य स्तर पर सभी पक्षों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लैंगिक बजट के निर्धारण और व्यय में राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही तय होनी चाहिए। सभी पक्षों को लैंगिक कार्रवाई की प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साझेदारी को मजबूत करने, क्षमता में निवेश करने और अपने सफल मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए निवेश किया जाता है तो प्रगति, समृद्धि और अधिक न्यायसंगत और समतापूर्ण समाज के लिए निवेश किया जाता है। सरकार के महिला नेतृत्व में विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी है, जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं, बल्कि वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक, रसोई से लेकर बोर्डरूम तक, नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बहन-भाई की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव रुड़कली तालिब अली मे दो मासूम भाई बहन की मौत से सनसनी फैल गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। बच्चों की मौत को लेकर गांव में अनेक प्रकार की चर्चाएं व्याप्त हैं वहीं पुलिस गहनता के साथ घटना की जांच में जुट गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली मे गुरुवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब मौ. वसीम के पांच वर्षीय पुत्र अरहान व 12 माह की अनाया की अचानक मौत की ख़बर गांव मे फैल गयी। सेंकड़ो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकठा हो गयी।

सूचना पर पहुंचे एस पी देहात आदित्य बंसल क्षेत्राधिकारी यतेंद्र नागर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह भी मौके पर पहुंच गये और फॉरेनसिक टीम को बुलाकर गहनता से जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को कब्जे मे लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चेरी भेज दिया।एस पी देहात आदित्य बंसल ने बताया की दो बच्चों अरहान व अनाया की मौत संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस गहनता से घटना की जांच कर रही है। वहीं वसीम की पत्नी मुस्कान ने बताया की गुरुवार की सुबह उसने खाना नहीं बनाया था। केवल चाय बनाकर पी गयी थी। दोपहर भी खाना नहीं बनाया गया। जिसके बाद उसने सोचा की अरहान व अनाया शायद बाहर से कुछ खाकर आये होंगे। अहरहान व अनाया दोपहर 12 बजे सो गये थे। वह भी सो गयी लगभग ढाई बजे पति वसीम का फोन आया तो वह जागी। मुस्कान ने बच्चों को बेहोश देखा। बच्चों को गांव के ही



चिकित्सक को दिखाया गया। किन्तु उनकी मौत हो चुकी थी। मुस्कान पुलिस द्वारा पूछे गये सवालों का ठीक से जवाब नहीं दे पा रही थी। जिसकी बातो मे विरोधाभास होने से पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी मृतक बच्चों का पिता मौ.वसीम वेल्डिंग मिस्त्री है।वसीम दो दिन पूर्व कार्य के लिए चंढीगढ़ गया है।वसीम के भाई असजद, अकरम, मुकर्रम ने वसीम के आने तक शव को पोस्ट मार्टम न भेजनें की जिद भी पुलिस के सामने की।

वसीम के सभी भाई उसके घर से दूर रहते हैं वसीम अपनी पत्नी मुस्कान के साथ अलग घर मे रहता है। बच्चों की मौत के समय भी मुस्कान घर मे अकेली थी।

# कांवड़ डीजे पर नाचता मिला 376 का आरोपी, कांवड़ियों के बीच से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गुरुवार देर शाम खतौली में उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस ने बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर नाचते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान कांवड़ियों ने विरोध कर हंगामा खड़ा कर दिया, हालांकि पुलिस की सूझबूझ और समझाने के बाद मामला शांत हो गया।

जानकारी के अनुसार, खतौली कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुरी निवासी एक युवक के खिलाफ एक नाबा. लिग युवती से बलात्कार के आरोप में परिजनों द्वारा 25 दिन पूर्व मुकदमा दर्ज कराया गया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार को आरा. ेपी हरिद्वार से ब्विहन्दूपरिषद की कांवड़ में शामिल होकर खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने डीजे पर नाचता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जैसे ही पुलिस आरोपी को पकड़ने लगी, कांवड़ियों ने विरोध करते हुए हंगामा कर दिया और पुलिस पर सवाल खड़े किए।

मौके पर मौजूद पुलिस अधिक. ारियों ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए कांवड़ियों को आरोपी के खिलाफ दर्ज मामले की पूरी जानकारी दी। पुलिस की गंभीरता और स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए कावड़िये शांत हो गए और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। हंगामा शांत होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और आरोपी को कोतवाली ले जाया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज है और वह 25 दिन से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे कांवड़ यात्रा के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही थी। बता दे कि होशियारपुर गढ़ी जिला हापुड़ निवासी सोनू ठाकुर बजरंग दल संगठन 181 लीटर जल लेकर हरिद्वार से हापुड़ अपने अन्य शिवभक्तों के साथ जा रहा था।

## नरेश कुमार विद्युत विभाग के नए एसडीओ होंगे

**बुढ़ाना।** स्थानीय डिवीजन विद्युत विभाग के दोनों एसडीओ जिनमें नरेश कुमार राठौर और विकास कुमार वर्मा का तबादला बुढ़ाना से क्रमश उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और जनपद कानपुरनगर के लिए कर दिया गया है।

अब जनपद सीतापुर से आए ज्ञानेश कुमार बुढ़ाना के नये विद्युत एसडीओ होंगे। जिन्होंने आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना आकर अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

## लाठी डंडों से मारपीट में दो युवक घायल

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गढी निवासी नोमान पुत्र करमुदीन और आश मौहम्मद पुत्र सलीम अपने कार्य से गांव में जा रहे थे, तभी रास्ते में अकरम के बेटे कैफ और सेबी, आजाद पुत्र जाकिर, रिजवान पुत्र शाकिर और आरिश पुत्र असलम ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने आधार अपडेट कराने का बहाना बनाकर पहले दोनों को रोका और फिर हाथों में लिए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में नोमान और आश मोहम्मद को गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद हमलावरो ने उन्हे तमन्चा दिखाकर डराया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल ले गए और थाना मीरापुर में तहरीर दी। घायल नोमान के पुत्र करमुदीन पुत्र मंगता निवासी गढ़ी रसूलपुर ने पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर:थाने में भाकियू कार्यकर्ताओं को समझातीं सीओ नई मंडी रूपाली राव।

# मंडी थाने में पुलिस लाठी चार्ज होते ही भाग खड़े हुए भाकियू कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाना परिसर में पुलिस व भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता आमने सामने आ गये।

भाकियू तोमर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुलिस पर भ्रष्टाचार और शोषण का आरोप लगाकर मंडी कोतवाली परिसर में धरना दे रहे थे। इसी दौरान थाना प्रभारी से बहस हो गई जिसके चलते काफी देर तक तनातनी हुई और दरी बिछाकर धरना दे रहे भाकियू तोमर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज हो गया। जिसके चलते धरने पर बैठे पदाधिकारी व कार्यकर्ता तितर बितर हो गये। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन से भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस दौरान धरने पर बैठे लोग ट्रैक्टर-ट्राली साथ लाये थे जो थाने के बाहर खडी थी। इस हंगामे के बाद भाकियू किसान तोमर के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये। कहा कि एक सप्ताह पूर्व नई मंडी कोतवाली में उन्होंने 19 जून को घेराव व प्रदर्शन की चेतावनी दी थी इसके लिए वह गांव-गांव पदाधिकारी बैठक कर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे और गुरुवार की सवेरे भाकियू तोमर के कार्यकर्ता नई मंडी कोतवाली पहुंच गये। युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी के साथ युवा जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी, सलीम मलिक, इरशाद रईस, शादाब राणा, रविता चौधरी, विजय लक्ष्मी, गय्यूर अहमद और शाबाद राणा सहित भारी संख्या में लोग धरने पर बैठ गये थे। इस दौरान ट्रैक्टर से भी थाने को घेर लिया था। जब धरना शुरू हुआ तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द बघेल ने धरने पर बैठे लोगों से वार्ता करने का प्रयास किया। लेकिन इस बीच बात नही बनी जिसके बाद दोनो ओर से तीखी बहस हो गई और कुछ ही देर में मामला इतना तूल पकड गया कि पुलिस को यहां लाठी चार्ज करना पडा। कुछ ही देर में थाना परिसर में लोगों के सिर्फ जूते चप्पल व टोपी दिखाई दे रही थी। इस दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में भी लिया। सूत्रों का कहना है कि कई लोगों को डंडे की चोट भी लगी। युवा जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी का आरोप है कि थाने में किसी समस्या का समाधान नही हो रहा है। उन्होंने बताया कि 12 जून 2025 को विक्की पुत्र देवेन्द्र जो फ्रूट लाने का काम करता है, उसके साथ रास्ते में रूपये छीनने व मारपीट की घटना हुई थी लेकिन इस मामले में कार्यवाही नही की गई। इसके जवाब में मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द बघेल का कहना है कि कुछ दिनो पूर्व ग्राम कूकडा में दो समुदाय के बीच कहा. सुनी व मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष का व्यक्ति सिर में चोट लगने के कारण घायल हो गया था और इस सम्बन्ध में क्रोस केस दर्ज कराये जाने की मांग उठायी जा रही थी कुल मिलाकर पुलिस व भाकियू तोमर पदाधिकारियों में आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान सीओ मंडी रूपाली राय भी मौके पर पहुंच गई थी और उन्होंने भी भाकियू तोमर पदाधिकारियों को समझाने का प्रयास किया। सीओ नई मंडी का कहना है कि कूकडा में दो पक्षों के बीच कोई मारपीट का मुकदमा क्रोस केस दर्ज कराने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा था जबकि भाकियू पदाधिकारी फ्रूट लाने वाले व्यक्ति के साथ हुई घटना का जिक्र कर रहे थे।

# अश्लील फोन आने से विवाहिता दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विवाहिता को अश्लील भरे फोन आने से दहशत की जिन्दगी जीना पड रहा है। तीन युवक अलग-अलग मोबाईल नम्बरों से उसको अशलील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे है। पीडिता ने सिविल लाईन पुलिस से मदद मांगी है।

सिविल लाईन क्षेत्र के चौकी कच्ची सडक के अन्तर्गत रहने वाली एक विवाहिता ने सिविल लाईन थाने पहुंचकर बताया कि उसका पति बाहर रहकर काम करता है और पिछले काफी समय से तीन युवक अलग-अलग नम्बरो से उससे अश्लील बाते कर परेशान कर रहे है। पीडिता ने बताया कि उक्त युवक धमकी देकर कह रहे है कि उनकी नही मानी तो उसकी वीडियो वायरल कर देंगे। धमकी देने वाले आरोपी ने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो वह अश्लील वीडियो उसके पति व रिश्तेदारों को भी भेज देंगे। पीडिता का कहना है कि धमकी भरे फोन आने से वह मानसिक तनाव मे है और रात दिन दहशत की जिन्दगी जी रही है।

पीडिता का कहना है कि उसकी कोई अश्लील वीडियो नही है, लेकिन धमकी दी गई कि फर्जी वीडियो बनाकर उसे वायरल कर देंगे अब उसको जान माल का खतरा बना हुआ है, क्योंकि उसके बच्चों को भी धमकी दी जा रही है। पीडिता ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# देवबन्द से गायब युवक का शव गंग नहर से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** देवबन्द क्षेत्र के गांव कुरलकी से गायब हुए युवक का शव पांच दिन बाद भोपा क्षेत्र मे गंग नहर मे बहता मिला है। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालवाया परिजनों द्वारा शिनाख्त के बाद शव को साथ ले जाया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के नंगला बुजुर्ग गंग नहर पुल के पास ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर नहर बहते शव को देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। कुछ देर बाद पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त विकास उर्फ नफे सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी गांव कुरलकी थाना देवबन्द के रूप मे हुई। परिजनों ने बताया की विकास बीते 14 जून की दोपहर खेत पर सिंचाई करने को कहकर साईकिल लेकर घर से निकला था। घर वापस न लौटने पर परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज करा।

विकास की तलाश शुरू कर दी शाम के समय विकास की साइकिल सांपला गांव की पोपलर नर्सरी के पास खड़ी मिली।जिसके बाद सी सी टी वी फुटेज मे विकास बरला मे भी देखा गया। जिसके आधार पर परिजनों ने उसकी तलाश निरगाजनी नहर झाल के पास शुरू कर दी। गुरुवार को शव नहर से बरामद होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। परिजनों के अनुसार विकास की मानसिक हालत ठीक नहीं थी उसका उपचार चल रहा था। मृतक इकलौती संतान थी। मृतक अपने पीछे दो वर्षीय पुत्र सहित पत्नी निशा माता मुनेश व पिता को छोड़ गया है। परिजन शव को अपने साथ ले गये देवबन्द थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सोनकर ने बताया की विकास की गुमशुदगी दर्ज की हुई है।

## कप्तान ऑफिस पर परिजनों ने किया हंगामा

**मेरठ।** गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पर एक पारिवारिक मामला सामने आया है जिसमें पीड़िता अर्शी जमाली पुत्री रिफत जमाली थाना देहली गेट क्षेत्र के पूर्वा अहमदनगर के रहने वाली है उसने अपनी मर्जी से पास के रहने वाले युवक से निकाह किया यह निकाह 1 दिसंबर 2018 को किया गया है उसके बाद कोर्ट द्वारा निकाह का पंजीकरण भी कराया पीड़िता का आरोप है कि लड़की के परिवार वाले उसकी हस्ती खेलती जिंदगी में दखल दे रहे हैं अब अपने पति के साथ रह रही है उसने कप्तान से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

उसका कहना है कि वह बालिग है और अपने फैसले खुद कर सकती है और यह फैसला भी उसने होशियारी से किया है।

इस दौरान जब पति-पत्नी को एसएसपी कार्यालय पर लड़की के घर वालों ने देखा तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया लेकिन चंद ही मिनट में पुलिस दोनों को अपने साथ थाने ले गई। काफी देर कप्तान ऑफिस पर हंगामा होता रहा।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल पर चेयरपर्सन का शिकंजा

### मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश को सौंपा दायित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल को हटाकर यहां नया अधिकारी नामित करने की मांग करते हुए डीएम को भी पत्र लिखने के बाद पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अब उन पर शिकंजा कसते हुए उनसे काम लेकर उनके सभी दायित्व मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार को सौंप दिए हैं।

दरअसल नगरपालिका में पिछले दिनों सफाई व्यवस्था चौपट होने के बाद नगर स्वास्थ्य अधिक. ारी डॉ. अतुल कुमार को पालिका अध्यक्ष द्वारा लगातार आदेश दिये गये, लेकिन वो बिना बताये ही चार दिन के लिए लापता हो गये और पालिकाध्यक्ष सहित ईओ और प्रशासनिक अधिकारियों को भी भ्रमित करते रहे।

उनके खिलाफ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सख्त रवैया अख्तियार किया है। उन्होंने इसके लिए आदेश जारी करते हुए डॉ. अतुल द्वारा पालिका में संपादित किये जा रहे सभी दायित्व अग्रिम व्यवस्था तक चीफ योगेश गोलियान को अतिरिद्र प्रभार के रूप में सौंप दिये हैं। उनको तत्काल प्रभाव से अपने दायित्व के साथ ही नये दायित्व निभाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# धरने पर बैठी बहू को पुलिस ने दिलवाया बच्चा

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मां की ममता को गंभीरता से लेते हुए ससुरालियों के उत्पीडन से परेशान होकर दरवाजे के बाहर धरने पर बैठी विवाहिता का दो साल का बेटा वापस दिला दिया। उसके बाद पीडिता अपने मासूम बेटे को लेकर मायके लौट गई है।

बता दे कि बुधवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कायस्थवाडा निवासी श्रुति वर्मा अपनी ससुराल पहुंची थी। बताया जाता है कि विवाहिता व ससुरा. लियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है और विवाहिता द्वारा लिये गये दो साल के बेटे को लेने के लिए ससुराल के घर के बाहर धरने पर बैठ गई थी। श्रुति उस समय ससुराल में जाना चाहती थी। आरोप है कि दरवाजा बंद कर लिया और उसे घर में नही घुसने नही दिया गया। बताया जाता है कि श्रुति की शादी अप्रैल 2022 में विजय वर्मा पुत्र शुभांकर शर्मा के साथ हुआ था और उसको एक बेटा पैदा हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले उसका उत्पीडन कर रहे थे जिस कारण वह अपने मायके चली गई थी और उसका बेटा ससुराल में रख लिया गया था। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन जब कोई सहारा नही मिला तो पीडिता ने क्रांति सेना के



नेता पूनम चौधरी व अलका शर्मा से मदद मांगी थी। ये सभी लोग पुलिस से मिले और ससुराल के दरवाजे के बाहर धरने पर बैठे श्रुति वर्मा के बेटे को दिलाने की मांग की। पुलिस ने आज उसके बेटे को वापस दिला दिया।

## बुढ़ाना में एक प्रेमी युगल हुआ फरार

**बुढ़ाना।** कस्बे का एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती को बहला फुसलाकर भागकर ले गया। इस मामले में ये भी चर्चा है कि युवक अपने घर से कुछ रकम भी ले गया है।

परिजन अपने पुत्र की तलाश कर रहे हैं। मामला बुढ़ाना पुलिस के संज्ञान में भी पहुंच गया है। इस मामले में तरह तरह की चर्चाए हैं। गायब युवती के परिजन भी अपनी पुत्री की तलाश में लगे हैं। इस मामले में युवती के परिजनों ने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दी है।

# सास ननद को बहू ने आशिक संग मिलकर खिलाया नशीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव मे सामाजिक मर्यादाओ को धता बताते हुए विवाहिता ने पति व ससुर की गैर मौजूदगी मे बाहरी युवक के साथ मिलकर सास व ननद को लस्सी मे नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। तथा देर रात आशिक को घर बुला लिया।

घर के बाहर संदिग्ध बाईक खड़ी देख अलर्ट हुए रिश्ते के जेठ ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। आशिक की धुनाई कर उसे पुलिस को सौंप दिया गया। जबकि बेहोश सास ननद को उपचार के लिए भोपा अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार जारी है।पुलिस ने आरोपी बहु व बाहरी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी जमील कस्सार राज मिस्त्री का कार्य करता है। तीन दिन पूर्व उसका बेटा ज़ीशान रोजगार के लिए दुबई गया है।

बुधवार को वह क्षेत्र के गांव गादला अपनी ससुराल मे आयोजित शादी मे गया हुआ था। इसी बीच पत्नी वसीला 48 वर्ष पुत्री इकरा 14 वर्ष पुत्रवधु शबनम 25 वर्ष घर मे मौजूद थी। आधी रात को भतीजा ताहिर कस्सार जो किराए पर कार टेक्सी चलाने का काम करता है। आधी रात को घर लौटा तो बाहर दीवार के नीचे एक संदिग्ध बाइक खड़ी देखी व वहां जूते पड़े देखे तो उसे दीवार फांदकर घर मे किसी के जाने का संदेह हुआ। ताहिर अपने घर से होकर जमील के घर पहुँचा तो उसने एक युवक नाज़िम सलमानी को आपत्तिजनक हालत मे देखा। जिसके बाद ताहिर ने नाज़िम सलमानी को घर मे बंद कर अपने चाचा जमील को घटना की जानक. ारी दी।

घर पहुंचे जमील ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नाजिम निवासी नया गांव निज़ामपुर को हिरासत मे लेलिया।वहीं बेहोश वसीला व इकरा को उपचार के लिए भोपा अस्पताल लाया गया है। जहां उनका उपचार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार नाजिम गांव बेहड़ा सादात मे जमील के पड़ोस मे ही कपड़े की दुकान करता है। तथा निकटवर्ती गांव नयागांव निज़ामपुर निवासी है।वहीं जमील ने बताया की उसके पुत्र ज़ीशान की शादी सात वर्ष पूर्व शबनम से हुई थी जिसके के दो पुत्रीया आयत और सना है। पुत्रवधू शबनम के चाल चलन से वह बेहद परेशान हैं आज उसने नाजिम के साथ मिलकर नशीला पदार्थ दिया है। भविष्य मे क्या पता वह ज़हर भी खिला दे।थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की जमील की तहरीर के आधार पर शबनम व नाजिम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

## बालक को जंगल में ले जाकर किया कुकर्म

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र मोहल्ले मे ही खेल रहा था कि गांव के ही दो व्यक्ति रोहित सैनी व साकिब वहां पर आये और किशोर को टट्यूब वैल पर नहाने के बहाने जंगल में ले गए आरोप है कि साकिब ने किशोर के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया तो वहीं रोहित सैनी ने मोबाइल से घटना की अश्लील वीडियो बनाई। दोनों आरोपियों ने किशोर को डरा धमका कर घटना के बारे मे बताने से इनकार किया वहीं रोहित ने वीडियो को पीड़ित के परिवार के युवक पर व्हाट्स ऐप पर भेजा तो घटना का पता चला पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत मे लिया है।

# योगीराज में महिलाओं को परेशान कर रहा है मुखबिर

### पकड़ने के बजाए चाय पीकर लौट जाती है पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** खासकर महिलाओं को तरजीह देने वाली योगी सरकार में भी महिलाएं परेशान हैं। एक महिला पडोसी मुखबिर की अश्लील हरकतों से बहुत परेशान है। पुलिस भी कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

उक्त महिला पुलिस में शिकायत करती है तो पुलिसकर्मी आरोपी के घर नाश्ता करके बैरंग लौट जाते हें और उल्टे महिला को ही धमकाते हैं। आज महिला पहले तो एसएसपी के पास पहुंची तो उसको बुढ़ाना कोतवाली भेज दिया गया। जहां कोतवाल ने महिला की पीड़ा सुनी तो उन्होंने मामले की जांच कस्बा इंचार्ज को सौंपी। कस्बे की कमल मार्किट के समीप रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका पड़ोसी बिलाल पुत्र मेहरबान आवारा है।

बिलाल का घर उसके घर से ऊंचा है। बिलाल अपने घर की छत पर चढकर उसकी पुत्रियों को गंदे इशारे करता है। धमकी देता है कि मैं तेरी किसी भी लडकी की शादी नही होने दूंगा। 6 दिन पूर्व बिलाल ने उसकी पुत्रियों को गंदे इशारे किए तो पुत्र ने विरोध किया तो बिलाल ने उसे हत्या की धमकी देकर उनके घर पर ईंटों से पथराव कर दिया। तब उन्होंने कमरे में घुसकर जान बचाई। इससे पूर्व भी बिलाल उन पर हमला कर चुका है। अब बीती 17 जून को आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों को साथ लेकर पीड़िता के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व गाली गलौज कर कपड़े फाड़कर अश्लील हरकतें की। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से चले गये।

आरोप है आरोपी ने परिवार की एक लड़की को भी बदनीयती से अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। इसकी सूचना पीड़िता ने पूर्व की भांति डायल 112 को दी तो उस पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भी कुछ नहीं किया बस बैरंग लौट गयी। पीडिता ने बताया कि वे पुलिस के पास चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस हमारी सुनने को तैयार नहीं। पुलिसकर्मी आरोपी के घर तो जाते हैं लेकिन उसे पकड़ने के बजाए उसके घर नाश्ता करके बैरंग लौट जाते हैं।

आरोपी का बाप मुखबिर बताया है और अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री में भी जेल जा चुका है। आज पीड़िता बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र से मिली और उन्हें अपनी पीडा बताई तो उन्होंने महिला को कार्यवाही का आश्वासन देकर मामले की जांच कस्बा इंचार्ज को सौंप दी। पीड़िता का कहना है कि अगर आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई वो कोई और कदम उठाएगी। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। उधर बुढ़ाना कोतवाल से बात हुई तो उन्होने बताया कि उक्त तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने किया फल वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जननायक राहुल गांधी का जन्म दिन जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रुप से बहुत सादगी के साथ राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में फल वितरित करके मनाया गया।

फल वितरित करने के बाद संयुक्त रुप से राहुल गांधी की दीर्घायु की प्राथना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, मुर्तजा सलमानी, गीता काकरान, दिनेश पाल, सद्दाम सिद्दीकी, रिजवान अहमद सिद्दीकी, सद्दाम राणा, हर्षवर्धन त्यागी, माजिद अली, नरेश नंदन वाल्मीकि, अफजाल मलिक, मथारिया जी, रंजकरय मजदूर, राजीव गुप्ता, नईम अंसारी, धीरज महेश्वरी और सगीर मलिक आदि कांग्रेसियों ने उपस्थित रहे



## शाहरुख ने पुलिस पर कर दी फायरिंग, मुठभेड़ में पुलिस ने किया लंगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सदर बाजार पुलिस ने यात्री का थैला काटकर चांदी चोरी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में उसे घायल करके उसके तीन साथी भी अरेस्ट किए गए। आरोपी के कब्जे से 1.260 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है।

पुलिस ने बताया कि दर्शन लाल कपूर पुत्र सुन्दर लाल कपूर निवासी मोहल्ला धर्मपुरा थाना कोतवाली शामली 17 जून को शामली से मेरठ आ रहे थे। भैंसाली बस स्टैण्ड पहुंचने पर अज्ञात चोर द्वारा उनका बैग काट लिया गया। बैग में रखे 2 किलो 250 ग्राम कच्ची चांदी व 15 ग्राम कच्चा सोना चोरी कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा आसिफ पुत्र सईद उर्फ सईउद्दीन निवासी फिरोजनगर जाली वाली गली थाना लिसाड़ीगेट, शाहरुख खान पुत्र अनवर निवासी नई बस्ती टावर वाली गली लावड़ थाना इंचोली व सलमान पुत्र अलीमुद्दीन निवासी तारापुरी गली नं. छह थाना लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तीनों ने चोरी गए माल को कैंट रेलवे स्टेशन के पास छिपाना बताया। माल को बरामदगी के लिए बताये स्थान पर ले जाया गया।

बरामदगी के दौरान शाहरुख एक दरोगा की पिस्टल छीनकर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करने पर शाहरुख ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में शाहरुख पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1.25 किलोग्राम चांदी बरामद हुई है। घायल को उपचार के लिए पीएल शर्मा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रुद्रदेव महाराज के अंतिम दर्शन को उमड़ा जन सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली। गंग नहर के समीप स्थित श्री अखंडानंद आश्रम के संरक्षक, संत शिरोमणि ब्रह्मलीन स्वामी रुद्रदेव जी महाराज की अंतिम दर्शन यात्रा गुरुवार को नगर में पूरे धार्मिक विधि-विधान और भव्यता के साथ निकाली गई। स्वामी जी के अंतिम दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु नगर की सड़कों पर उमड़ पड़े। नगरवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आए अनुयायियों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बताते चलें कि बुधवार शाम श्री अखंडानंद आश्रम के संरक्षक स्वामी रूद्रदेव जी ब्रह्मलीन हो गए थे। गुरुवार सुबह उनकी अंतिम दर्शन यात्रा श्री अखंडानंद आश्रम परिसर से आरंभ हुई यह यात्रा भगवान नाम जप के साथ गंग नहर, घंटाघर, जानसठ तिराहा होते हुए अशोक की लाट के निकट स्थित भवानी मंदिर पहुंची, जहां काफी संख्या में मौजूद स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्वामी रूद्रदेव जी के अंतिम दर्शन का लाभ लिया।



यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वामी जी की झांकी पर पुष्प अर्पित किए और 'रुद्रदेव महाराज अमर रहें' के जयघोषों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

उनके ब्रह्मलीन होने से उपजे शोक का असर श्रद्धालुओं के चेहरों पर स्पष्ट देखा गया। भवानी मंदिर पर अंतिम पूजा-अर्चना के पश्चात स्वामी जी की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार हेतु हरिद्वार ले जाया गया, जहां विधिवत उनका दाह-संस्कार संपन्न किया गया। इस दौरान अखंडानंद आश्रम समिति के अध्यक्ष अमृतलाल, महासचिव विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल, सुरेंद्र खीरबाट, वीरेंद्र खीरबाट, अशोक कालड़ा, इंद्रजीत, नरेश नागपाल, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. चंद्र मोहन शर्मा, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण कुमार, गौरी शंकर गौरी, अरविंद कुमार सैनी, संजय ग्रोवर, जतिन प्रधान, बलिंदर सिंह, राकेश गुप्ता, प्रवीन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, प्रदीप शर्मा एकांश गुप्ता, ठाकुर लक्ष्मण सिंह, मदन छाबड़ा, अशोक अहलावत, सचिन अग्रवाल, कुलदीप तोमर, पंडित पुष्पेश पाराशर, पंडित बॉबी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग रहा। सभी ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। बता दें कि स्वामी रुद्रदेव जी महाराज अपने सरल स्वभाव, गूढ़ आध्यात्मिक ज्ञान और समाजसेवा के कार्यों के लिए विख्यात थे। उन्होंने अनेक वर्षों तक श्री अखंडानंद आश्रम में रहकर लोगों को धर्म, सेवा और सदाचार की प्रेरणा दी। उनके देहावसान से नगर व प्रदेश के संत समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

## नहर में कूदने का बढ़ता जुनून, पुलिस की तैनाती बेअसर

### जान से हो रहा खिलवाड़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गर्मी से राहत पाने की जिद अब जान पर भारी पड़ रही है। खतौली की गंगनहर में इन दिनों युवाओं का मौत से खेल जारी है। दिन हो या रात, दर्जनों युवक नहर में छलांग लगाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि नहर पर तैनात पुलिसकर्मी भी इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान नहर में कूदने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने नहर पुलों पर लोहे की जालियां लगवाई थीं। लेकिन अब वही जालियां युवाओं के जुनून के आगे बेबस नजर आ रही हैं। युवाओं ने नहर पुल की इन जालियों को कई जगहों से तोड़ डाला है, जिससे वे आसानी से पुल से नहर में छलांग लगा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना 12 वर्ष से लेकर 28 वर्ष तक के युवा जान की परवाह किए बिना नहर में कूदते हैं। कई बार तेज बहाव में बहने का खतरा रहता है, बावजूद इसके युवा इसे रोमांच के रूप में ले रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगनहर पर सख्ती बढ़ाई जाए और जाली तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है।

## सदर ब्लॉक में शिवसैनिकों का प्रदर्शन, बिहारी की उठाई समस्याएं

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना व क्रांतिसेना सदर ब्लाक के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने गांव बिहारी की अनेक समस्याओं को लेकर कूकड़ा ब्लॉक कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक अधिकारी का घेराव किया, युवा ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत शर्मा व सदर ब्लाक के युवा अध्यक्ष योगेंद्र सैनी के नेरतत्त्व मैं पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान गांव के सेक्रेटरी द्वारा ग्रामीणों का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है पूरे गांव में टूटे-फूटे रास्ते हैं स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है मकान बनाने में मरम्मत के लिए मिलने वाले अनुग्रह राशि को भी मोटे पैसे खाकर उपलब्ध कराया जा रहा है बार-बार शिकायत करने के बावजूद ग्रामीणों का कोई कार्य नहीं हो रहा है उन्होंने ब्लॉक अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पार्टी कार्यकर्ता क्षेत्रीय ग्रामीण जनता को लेकर कुकड़ा ब्लॉक पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे, शिव जिला प्रमुख हेमंत शर्मा की युवा अध्यक्ष योगेंद्र सैनी ने कहा कि 15 दिनों के भीतर गांव बिहारी की समस्याओं पर विचार कर कार्यवाही नहीं हुई तो ब्लॉक अधिकारियों को पार्टी के उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए, इस अवसर पर निकुंज चौहान अभिषेक शर्मा दीपक धीमन



गौरव शर्मा सुमित धीमान शिवम पाल कृष्णा नामदेव बिहार गांव के ग्राम प्रमुख सुंदर प्रजापति कपिल सैनी रामपाल सैनी विनोद कश्यप विजय सैनी पालड़ी गांव प्रमुख नीरज सैनी वीरपाल प्रजापति नेम पाल सैनी सत्येंद्र कुमार सैनी तनु सैनी संदीप सैनी देवराज सैनी राक. ेश सैनी सहित सैकड़ो का ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेसिक हेल्थ की नई कार्यकारिणी गठित

**मुजफ्फरनगर।** उप्र बेसिक हेल्थ वरकर्स एवं पर्यवेक्षक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक रोहताश शर्मा, जिलाध्यक्ष योगेश त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित राठी, उपाध्यक्ष मी. आफाक अहमद, मंत्री राजेन्द्र सिंह धामा, संयुक्त मंत्री प्रियांश चौहान, प्रचार मंत्री आलौकिक अम्बेडकर, कोषाध्यक्ष हिमांशु भारद्वाज व आडिटर अक्षय कुमार को र्निविरोध चुने गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित रेडकास भवन में आयोजित बैठक के दौरान स्वास्थ पर्यवेक्षक के प्रान्तीय अध्यक्ष धनंजय तिवारी व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष रविन्द्र



सिंह नागर व महामंत्री कुलदीप शर्मा के निर्देशन में द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न कराया गया। प्रान्तीय अध्यक्ष धंनजय तिवारी ने प्रान्तीय स्तर पर समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरूष व महिला के पदोन्नति वेतनमान दिया जायेगा उन्होंने एकजुटता पर बल देते हुए संगठन को मजबूत करने की प्रेरणा दी। नई कार्यकारिणी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया ने मुबारकबाद पेश करते हुए कर्मचारी हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सुमित्रा देवी, एआरओ नितिन कुमार, ब्लॉक सदर, व आरती तंवर, पुष्पा देवी, लवली बालियान, अमिता शर्मा, सुमन देवी, अलका चौधरी, गरिमा चौधरी, प्रियंका, व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एआरएम ने रोडवेज बस अड्डे के संचालन को किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** अब बुढ़ाना कस्बे में रोडवेज बस अढे का संचालन शुरू होने के आसार नजर आने लगे हैं तभी तो आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में कई सालों से तैय्यार हुए लावारिस रोडवेज बस अड्डे की सुध लेने के लिए एआरएम रोडवेज अपनी टीम के साथ पहुंचे और रोडवेज बस अढे का निरीक्षण किया। इस रोडवेज बस अड्डे के संचालन को लेकर कस्बा और आसपास की जनता कई वर्षो से मांग उठाती आ रही है। यह बस अढा पिछले करीब ढाई वर्ष से यूपी परिवहन विभाग को सुपुर्द किए जाने का इंतजार कर रहा है। बृहस्पघतिवार को मुजफ्फरनगर डिपो के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा बुढ़ाना कस्बे में पहुंचे। जहां पर उन्होंने नगर पंचायत बुढाना के अघधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक और भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी के साघ्थ रोडवेज बस अढे का निरीक्षण किया। उन्होंने अघधिशासी अघधिकारी आलोक रंजन को मानक के अनुसार फर्श ऊपर उठाने, टायलेट ब्लॉक बनवाने, शीशे और पंखे नए लगवाने, लाइटस व सामने की चार दीवारी, पीने के पानी की व्यवस्था, एंट्री के लिए केवल दो गेट, यात्रियों के बैठने के लिए बैंच, हैंडपंप और अन्य सुविधाएं पूरी किए जाने पर चर्चा हुई। सभी कार्य एक माह में पूर्ण करने पर सहमति हुई। जल्दी ही सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। एआरएम ने कहा कि कार्य पूरे होने के बाद वे अघधिकारियों के साघ्थ निरीक्षण करेंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता राजेश संगल, अमरीश बंसल, सुशील तायल, फुगाना गांवघ के प्रधान जितेंद्र मलिक, खरड की महिला प्रधान पति विकास मलिक, रविंद्र कुमार, विकास कुमार और नगर पंचायत बुढाना से सुधीर कुमार सहित कई कर्मचारी और भाजपाई उपस्थित रहे। इस निरीक्षण से अब उम्मीद लगने लगी है कि दो माह के आसपास बुढ़ाना का लावारिस पड़ा रोडवेज बस अढा संचालित हो जाएगा।

## मैडिकल कैम्प में 535 मरीजों का चैकअप

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेडी में रईसा प्रधान के आवास पर मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज चरथावल के संयुक्त तत्वाधान में एक निरूशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 535 मरीज को निरूशुल्क चेकअप एवं दवाइयां दी गई मेडिकल कैंप में जुल्फिकार मुखिया, अरमान प्रधान, अजीज अहमद, मेहताब उर्फ् रद्दू, सदाफत ठेकेदार खालिद व भूरा ठेकेदार आदि का सहयोग रहा और मोहम्मद हुसैन, अजय कुमार, प्रशांत भारती, मधु ,मानसी राणा शिवकुमार सिंह आदि डॉक्टर ने चेकअप किया मरीज को अग्रिम जांच के लिए तथा निरूशुल्क आंखों के ऑपरेशन के लिए बीस जून को मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में बस द्वारा प्रातः नो बजे कैंप के स्थल से ले जाया जाएगा कैंप के आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश वशिष्ठ द्वारा ग्रामीण एवं डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद किया गया



## स्विफ्ट कार में किशोर ने किया स्टंट

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के जौला गांव में रोड पर चलती हुई एक स्विफ्ट कार में सवार एक युवक खिड़की से लटककर फिल्मी स्टाइल में स्टंट कर रहा है। करीब से एक विद्युत पोल भी दिख रहा है जिसमें वह बाल बाल बचता भी नजर आ रहा है। दर्जनों ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे इस कलयुगी हीरो के स्टंट को देखकर एक दूसरे से चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान किसी ने इस युवक का 24 सैकेंड का एक वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। अब वीडियो वायरल होने के बाद बुढ़ाना पुलिस इस हीरो की तलाश में लग गयी है। इस युवक में न तो अपनी जान की परवाह और न ही ट्रैफिक पुलिस का डर दिखाई दिया। जिस जगह ये युवक गाड़ी से स्टंटबाजी कर रहा है वहां पर आसपास बच्चे भी हैं। कोई भी दुर्घटना हो सकती थी। इस युवक को पुलिस का कोई डर नहीं दिखा। अब अगर ऐसे में कोई भी घटना होती है तो उसका जिम्मेवार कौन होगा।

## राजवीर सिंह पर हमले के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर जानलेवा हमले के एक माह बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

हमले में शामिल एक आरा. ेपी को खतौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए हमलावर से गहन पूछताछ कर रही है।

गौरतलब है कि यह सनसनीखेज वारदात 19 मई को उस वक्त हुई थी, जब स्कूल संस्थापक राजवीर सिंह अपने कार्यालय में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान स्कूल में कार्यरत कुछ शिक्षक और वाहन चालक जबरन कार्यालय में घुस आए और उन पर हमला बोल दिया था। इस पूरी घटना का वीडियो स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुआ था।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित के पुत्र कर्मवीर वर्मा ने कोतवाली में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा, ट्रांसपोर्टर सुपरवाइजर श्रीकांत, पीटीआई आशीष, ड्राइवर अजित, रोबिन, शिक्षिका शैली, प्रमोद, रवि मास्टर, पंकज समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सूत्रों की मानें तो आरोपी शिक्षिका शैली समेत दो लोगों को अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जबकि अन्य आरोपी भी कोर्ट से राहत पाने के लिए प्रयासरत हैं।

पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वही पुलिस ने गुरुवार को राजवीर का एक हमलावर रोबिन उर्फ रबिन कुमार पुत्र संसार सिंह निवासी मनफोडा थाना जानसठ गुरुवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने रोबिन को गंगधाडी मोर्ड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद रोबिन का चालान कर जेल भेज दिया। रोबिन की गिरफ्तारी को इस मामले में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है, जिससे पूछताछ के आधार पर अन्य फरार आरो. पियों तक पुलिस पहुँच सकती है। वही इस मामले में दो हमलावरों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पहले पंकज और दूसरे आरोपी अजित ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

एक माह बाद एक हमलावर की गिरफ्तारी होने के बाद खतौली पुलिस अधिकारियों ने राहत की सास ली है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में किसान एकता केंद्र करेगा आज पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** क्षेत्र के गांव साल्हा खेड़ी मे किसान एकता केंद्र द्वारा गांव मे प्रभात फेरी निकाल कर स्मार्ट मीटर के विरोध मे एक जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामवासियो से पंचायत मे पहुँच कर स्मार्ट मीटर का विरोध करने की अपील की गई।

गुरुवार को गांव साल्हा खेड़ी मे किसान एकता केंद्र द्वारा गांव के मुख्य मार्गो पर प्रभात फेरी निकली गई।

इस दौरान किसान एकता केंद्र के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान द्वारा सभी ग्रामवासियो से अपील करते



हुए गुरुवार को गण के शिव मंदिर मे आयोजित होने वाली पंचायत मे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर गाँवो मे लगने वाले स्मार्ट मीटर का विरोध किया जायेगा। इस दौरान सरगम, अपचपद लाटीयान, अंकित लाटियान, ब्रह्मासिंह लाटियान, संजीव लाटियान, सागर लाटियान, राहुल चौधरी, विपिन कुमार, किरणपाल, सुभाष, परविंद्र, राहुल, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को अनेकता में एकता का संदेश देने वाले, नफरत व साम्प्रदायिक राजनीति के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले, लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए सतत संघर्षरत कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी का जन्मदिन खतौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को करोड़ों देशवासियों के दिल की धड़कन बताते हुए उनके नेतृत्व में देश में भाईचारे और न्याय की



राजनीति को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट योगेश खारी, ब्लॉक अध्यक्ष नवाब सिंह, अनुज इंद्रवाल, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, मेहराज अली, राजेंद्र सैनी, भूदेव सिंह, अभिनव, अंकुर गुर्जर और सीताराम गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हरी मिर्च की खेती बन रही घाटे का सौदा

## कम कीमत मिलने से दर्जनों गांवों में मिर्च किसानों की हालत बेहद खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र के सम्भलहेड़ा, कुतुबपुर, मुझेड़ा, बलीपुरा, जड़वड़, तुल्हेड़ी, घटायन, भूम्मा सहित दर्जनभर गाँवों में किसानों ने परंपरागत गन्ने की खेती छोड़कर कई वर्षो से बड़े पैमाने पर हरी मिर्च की फसल उगाते है। बीते कुछ वर्षों में मिर्च ने उन्हें अच्छा मुनाफा दिया था, लेकिन इस साल उम्मीदों पर पानी फिर गया। बाजार भाव इतना गिर गया है कि किसानों को लागत निक. ालना भी मुश्किल हो रहा है।

इस बार मिर्च की कीमत मंडियों में मात्र 6 से 12 रुपये प्रति किलो बिक रही है, जबकि पिछले सालों में यह 30 से 35 रुपये किलो तक बिकी थी। किसानों का कहना



है कि इतनी कम कीमत पर तो तुड़ाई, मजदूरी और मंडी में ढुलाई का खर्च भी नहीं निकल पा रहा। किसान अब्दुल आबिद, महबूब, सोनू, बाबू, सुरेंद्र, इंतजार, इरशाद, शादाब, सुलेमान, गुलफाम, नौशाद, सतीश, मांगा और इकरार ने बताया कि मंडियों में आढ़ती किसानों की मजबूरी का खुला फायदा उठा रहे हैं।

एक किसान ने कहा, हमारी मिर्च तौलने के बाद तुरंत रेट नहीं बताते, बल्कि गाड़ी लोड होने के बाद या अगले दिन बताकर जबरन वही रेट थमा देते हैं। जबकि कोई भी फसल या सामान बेचा जाता है उसके रेट पहले ही तय किए जाते है। इस बार कीटनाशकों और उर्वरकों की कीमतें भी बेतहाशा बढ़ी हैं। तुल्हेड़ी के किसान बताते हैं कि पहले जहां दो बार दवा छिड़काव में काम चल जाता था, इस बार पाँच से छह बार स्प्रे करना पड़ा। इससे लागत दोगुनी हो गई और मुनाफा शून्य। लेकिन वर्तमान दरों के हिसाब से किसानों को भारी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ किसानों का कहना है कि इस मंदी या आढ़तियों की मनमानी की वजह से कई साल तक कर्ज भी नहीं उतार पाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान ने राज्य सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने, आढ़तियों की मनमानी रोकने और मंडियों में पारदर्शिता लाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्दी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो किसान आंदोलन को मजबूर होंगे।

**समन प्रकाशन न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु. नगर** वाद सं0-56 सन् 2024 1. काशीराम पुत्र श्री गम्मन निवासी ग्राम जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।... **वादी बनाम** 1. सतपाल 2. महावीर पुत्रगण गम्मन 3. पवन कुमार 4. राहुल देव पुत्रगण सतपाल 5. श्रीमति वेदो पत्नी श्री सतपाल निवासीगण ग्राम जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला-मुजफ्फरनगर 6. सत्यबीर पुत्र प्रकाशा निवासी ग्राम जन्वेडी हाल निवासी ग्राम नरा रेलवे फाटक के पास, तहसील व जिला मु.नगर। 7. सतीश 8. सुभाष पुत्रगण प्रकाशा निवासीगण ग्राम जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर 9. बलवीर सिह पुत्र प्रकाशा निवासी ग्राम जन्धेडी हाल निवासी मौहल्ला कडकड मण्डल दिल्ली प्रेस दुर्गा मन्दिर पब्लिक स्कूल के पास तहसील व जिला गाजियाबाद 10. अनिल कुमार 11. संजय कुमार पुत्रगण काशीराम निवासीगण ग्राम जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु. नगर। 12. ग्राम पंचायत जन्धेडी द्वारा ग्राम प्रधान जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। **अन्तर्गत धारा 116 उ०प्र०रा०सं०2006** ग्राम-जन्धेडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो 30.6.25 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे। और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 09.06.25 ई. को जारी किया **उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मु.नगर**

**Name Change Information**

My Name Was Asheesh S/O Mukesh Kumar In Future I Would Like To Be Known As Asheesh Kumar S/O Mukesh Kumar.

**Applicant: Asheesh Kumar S/O Mukesh Kumar- R/O Villege Barkata.Police Station Budhana. Muzaffarnagar. Uttar Pradesh**

**खोया पाया**

मैं अमित पुत्र राम किसन व सत्तो निवासी ग्राम व पोस्ट गढ़ी नौआबाद, विधानसभा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। मेरी भारद्वाज शिक्षा सदन इंटर कालेज बुढ़ाना की इंटरमीडिएट की सन 2023 की मार्कशीट जिसकी अनुक्रमांक संख्या 2235461887 है वह वास्तव में कहीं पर खो गयी है। जिसे मैने काफी तलाश किया लेकिन मेरी ये मार्कशीट कहीं नही मिल पायी। जिस किसी को भी मिले तो निम्न पते पर संपर्क करे।

**प्रार्थी अमित पुत्र राम किसन व सत्तो निवासी ग्राम व पोस्ट गढ़ी नौआबाद, विधानसभा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अंजू व पुत्रवधू रीटा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही रहे है। आये दिन मेरे व मेरे अन्य परिवारजनों के साथ लडाई झगडा करते रहते है। मैने उनकी नाजायज हरकतो को देखते हुए अपने पुत्र अंजू व पुत्रवधू रीटा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यदि उनसे कोई लेन-देन या झगडा फसाद करता है तो वे उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**हरवीर उर्फ गोटा पुत्र नकली निवासी मौहल्ला सानियान, कस्बा व थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर**

# सिटी मजिस्ट्रेट ने खत्म कराई सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ का आंदोलन चौथे दिन भूख हड़ताल में तब्दील हो गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के साथ कई सफाई कर्मचारी और सफाई नायक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए, ये भूख मात्र चंद घंटे ही चली। यहां पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट पंकज सिंह राठौर ने चमन लाल को जूस पिलाकर यह धरना समाप्त करा दिया और भरोसा दिया कि उनकी जो भी न्यायसंगत मांग है, वो पूरी होंगी। दरअसल कर्मचारियों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 16 जून से टाउनहाल परिसर में धरना चल रहा है। धरना स्थल पर महासंघ के महामंत्री सागर वाल्मीकि, सफाई नायक पल्लेराम, सूरज, नंदकिशोर, अशोक कुमार, जितेन्द्र मचल, विकास कुमार, पदम, काजल सुधा, प्रवीण मचल, वेदू घाघट, पल्ला ढिंगान, मुकेश, मिलन, हरफूल सिंह गहलौत, डॉ. मुनेश, सोनू, सतीश, अक्षय, मनोज, राजकुमार बेनीवाल, अरुण कुमार, सुरेश, गोलू, अजय ढिंगान, पप्पू गांधी नगर, धर्मेंद्र, प्रमोद, शुभम, दीपक, राहुल, गौतम कुमार, शमशाद, रमेश वेद, विजेंद्र, विनोद, भारत, आजाद, अजय कुमार, सोनू भगत जी, कार्तिक, बॉबी, आशु, नीतू सुनील, अजीत सहित कर्मचारी और समाज के लोग डटे हैं। गुरुवार को महासंघ के जिला अध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के साथ कई सफाई कर्मचारी और सफाई नायक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए यहां पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट पंकज सिंह राठौर ने चमन लाल को



जूस पिलाकर यह धरना समाप्त करा दिया। चमन लाल ने कहां कि सफाई कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, वेतन भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, वर्दी व उपकरण की उपलब्धता, और काम के घंटे निर्धारित करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। पालिका प्रशासन जल्द सुनवाई नहीं करता तो यह आंदोलन और व्यापक होगा और शहर में सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले जायेंगे।

# समस्या निदान के नाम पर दिया धोखा

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमपुरी जैन समाज का ऐसा गढ़ माना जाता है जहाँ चारो ओर अनेको जैन मंदिर/धर्मशाला/औषधालय आदि हैं साथ ही अन्य परंपराओं के मंदिर व जनपद की मुख्य ईदगाह भी है उक्त धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं का सुबह शाम धार्मिक कार्यों से लगातार आवागमन रहता है इसके अलावा लगातार जैन सन्तो का भ्रमण भी इस क्षेत्र में लगातार होता है परंतु प्रेमपुरी के बीचों बीच घनी आबादी व मुख्य चौराहे पर कूड़े का अंबार होने से जहाँ आमजन की धार्मिक भावनाएं आहत होती है वही भयंकर बदबू व गन्दगी से क्षेत्रवासियों का जीना दूभर है व बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। उक्त प्रकरण पर कुछ समय पहले क्षेत्रवासियों ने जब आवाज उठायी व गन्दगी का विरोध किया तो पदों पर बैठे भाजपा के नेता वहां पहुंचे और क्षेत्र को आश्वस्त किया गया कि समस्या का निदान तुरन्त कर दिया गया है लेकिन आज की परिस्थितियों के देखें तो वह सब खोखली फोटोबाजी के अलावा कुछ नही निकला व प्रेमपुरी में कूड़े का ढेर भाजपाइयों के झूठ व धोखे की गवाही दे रहा है ।'सपा नेता गौरव जैन ने कहा कि' सालो तक 'जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की सड़क निर्माण पर भाजपाइयों के झूठे आश्वासन व धोखे के बाद जिस प्रकार समाजवादी पार्टी के नेतागण के प्रयास से आज उस सड़क का निर्माण संभव हो पाया है जिसमे सपा सांसद हरेंद्र मलिक,चरथावल विधायक पंकज मलिक की मुख्य भूमिका रही है उसी प्रकार यह समस्या भी बिना सपा नेताओं के हस्तक्षेप के समाप्त होती नही दिखती है' व निश्चित ही 'बरसात के मौसम व कावड़ यात्रा के मद्देनजर अगर नगरपालिका व प्रशासन इस समस्या को नही सुलझा पाते है तो हम इस अव्यवस्था के विरुद्ध आंदोलन करने से भी पीछे नही हटेंगे ।

# किसानों को बताए ड्रोन से स्प्रे करने के लाभ



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा में बृहस्पतिवार के दिन क्षेत्र के मशहूर युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर एग्री विंग्स ड्रोन सर्विस कंपनी के कर्मचारी कौसर गोरी ने अपनी टीम के साथ आसपास के किसानों की एक आवश्यक मीटिंग ली। जिसमें उन्होंने सभी किसानों को ड्रोन से स्प्रे करने के अनेक फायदे बताएं और कहा कि ड्रोन से स्प्रे करने करने से हमारे किसान भाई जो दवाई अपने खेतों में खडी फसलों में लगाते हैं उसका रिजल्ट 100 प्रतिशत खेतों को मिलता है और साथ-साथ समय की बचत भी होती है। अब हमारे किसान भाई बड़ी फसल में भी ड्रोन से स्प्रे कर सकेंगे जबकि पहले बड़ी फसल होते ही किसानों को आने वाली बीमारी का पूरा डर रहता था कि वह इतनी बड़ी फसल में दवाई कैसे करेंगे लेकिन ड्रोन के आ जाने से अब सभी किसानों को इससे राहत मिलेगी और वह अब बड़ी फसल में भी स्प्रे कर सकेंगे। इस बात को सुनकर सभी किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। यहां तैमूर अली राणा ने कंपनी के कर्मचारी को कहा कि यह तो आपने बहुत अच्छी जानकारी इस मीटिंग में हमें दी है। आप हमेशा किसानों के हित में कार्य करते रहते हैं और नई-नई जानकारी किसानों को उपलब्ध कराते रहते हैं। यहां काफी किसान थे।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** आज़ बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव पलड़ा में आयोजित की गयी एक भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल ने कहा कि खेलों से हमारा आपसी भाईचारा मजबूत होता है और शरीर एवं मन मस्तिष्क स्वस्थ रहता है तथा खेलों से हमारे सम्पूर्ण शरीर की कसरत भी होती है। इसलिए समय समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिएं। अगर कोई टीम हार गयी है तो उस टीम को निराश होने की जरुरत नहीं है बल्कि इस लक्ष्य को मन में रखकर चलें कि वे आगामी समय में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए नंबर एक पर आकर पिछली हार का बदला चुकाएंगे।

इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से सपा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान, सपा जिला सचिव अनेश कुमार, इकबाल कुरैशी, जुल्फिकार कुरैशी, जलालुद्दीन अंसारी, सलीम कुरैशी, खिरज खान, अकबर अली, हरेंद्र बालियान, रमेश बालियान, अमन बालियान, मनोज बालियान और अंकित बालियान सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# देश में हर साल बढ़ रही है कैंसर रोगियों की संख्या : डा.तृप्ति सक्सेना

**मुजफ्फरनगर।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज मुजफ्फरनगर स्थित आनंद मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह पहल शहर और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर के मरीज़ों को विशेषज्ञ परामर्श और इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डायरेक्टर, डॉ. त्रिप्ती सक्सेना की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डायरेक्टर, डॉ. त्रिप्ती सक्सेना ने बताया ह्इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य ऐसे मरीजों को सही सलाह और मार्गदर्शन देना है जो कैंसर से जुड़ी संभावित लक्षणों जैसे कि बिना कारण गांठ बनना, उल्टी में खून आना, निगलने में कठिनाई, अनजाने में वजन घटना आदि से पीड़ित हैं। समय पर जांच और इलाज शुरू कराना ही इन सेवाओं की प्राथमिकता है ताकि अधिक से अधिक लोग आरंभिक चरण में इलाज का लाभ उठा सकें।मुजफ्फरनगर में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत, मैक्स सुपर



स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज की कैंसर के उन्नत इलाज को अधिक लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैक्स हेल्थकेयर क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य और जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक और गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य के प्रति सदैव समर्पित है।

# योग ने बदला स्वास्थ्य के प्रति हमारा दृष्टिकोण: कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा मेरठ रोड स्थित कम्पनी गार्डन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गत 15 जून से 21 जून तक योग पखवाडा शुरू किया गया हैं। गुरूवार को इस योग दिवस में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व शहर विधायक कपिल देव अग्रवाल द्वारा प्रतिभाग किया गया और योग करते हुए अनय प्रतिभागियों को योग से होने वाले फायदों की जानकारी दी और सभी से योग से जुडने और योग को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस दौरान साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में पूरी दुनिया में जिज्ञासा बढ़ रही है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व शहर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह दिन एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है। उन्होने कहा कि फिटनेस के साथ-साथ गिनती करना भी एक आदत बनती जा रही है, उन्होंने लोगों के ऐसे उदाहरण दिए, जिसमें वे एक दिन में उठाए गए कदमों, खपत की गई कैलोरी और बर्न की गई कैलोरी की संख्या पर नजर रखते हैं।

# मृतक के परिजनों ने जताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** थाना क्षेत्र के दतियाना गांव में गोली लगने से हुई एक युवक की हत्या को लेकर मृतक के परिजनों ने सीओ सदर से मिलकर जान का खतरा बताते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। गांव दतियाना में 11 जून को रात्रि में लगभग 8:30 बजे गोलियां चली जिसमें दीपक के सिर में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। और दूसरे पक्ष के विनोद की कमर में गोली लगने से गंभीर घायल हो गया था।

परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां से डॉक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया था। मृतक के पिता रामकुमार ने घायल विनोद सहित चारों भाई व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरी ओर से घायल की मां रामोदेवी ने मृतक सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई कुछ कार्रवाई न होने पर मृतक का भाई लोकेश कुछ ग्रामीणों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला और जांच बदलवाकर सीओ सदर को दिलवा दी। बृहस्पतिवार को मृतक के परिजन सीओ सदर कार्यालय पहुंचे और बातचीत की उनका आरोप है कि आरोपी फैसले का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लोक. ेश ने बताया कि 15 वर्ष पूर्व भी सुनील ने उसके चचेरे भाई सचिन को गोली मार दी थी।

उन्होंने बताया कि घटना के समय उसका चचेरा भाई रूपक छपार शराब के ठेके पर था। जो सीसीटीवी कैमरे में मौजूद है। उसका नाम फर्जी लिखवाया गया है। रामकिशन, बाबूराम, जसवीर, लोकेश, अजब सिंह, ग्रामवासी सीओ सदर से मिले सीओ ने जल्द ही जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विधवा को पानी का कनेक्शन देने से रोका

### महिला ने अफसर से लगाई गुहार

**मुजफ्फरनगर।** विधवा महिला ने डीएम व नगर पालिका के जलकल अभियंता को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने पानी का कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया था, पालिका प्रशासन द्वारा औपचारिकता पूरी होने के बाद जब कर्मचारी कनेक्शन करने के लिए उसके आवास पर पहुंचे तो क्षेत्र के ही दबंग लोगों ने आतंकित करते हुए उन्हें यहां से भगा दिया।

थाना खालापार के सुजड़ू मौहल्ला दीन मौहम्मद निवासी विधवा शकीला पत्नी स्वद्द इकबाल ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पानी का कनेक्शन के लिए नगर पालिका ने सभी औपचारिकताए पूर्ण करते हुए अपने कर्मचारी को कनेक्शन करने के लिए भेजा लेकिन मौहल्ले के ही रहीस पुत्र मजीद तथा कुछ अन्य लोगों ने कनेक्शन करने गए कर्मचारी को गाली गलौच कर वहां से भगत दिया और कहा कि इस महिला शकीला का यदि जल कनेक्शन किया तो मैं तुम्हें जान से मार देंगे आरोप है कि रहीस व उसके सहयोगियों ने अपने अपने घरो में अवैध रूप से कनेक्शन कर रखे हैं जिससे पालिका को नुकसान हो रहा है। विधवा ने उक्त लोगों के विरूद्ध विभागीय कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए पानी का कनेक्शन करवाने की भी गुहार लगाई है ।



छपार:जान का खतरा होने पर सीओ से मिलने आए दतियाना के ग्रामीण।

# सभी को मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ

**बुढ़ाना।** मंडल बुढाना के बुढ़ाना बी शक्ति केंद्र पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुढ़ाना शक्ति केंद्र के संयोजक शाहिद असलम के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाड़ा में स्थित आवास पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में बुढ़ाना भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी के साथ पूर्व सभासद मुकेश शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

दोनों मुख्य वक्ताओ ने कहा कि इन वर्षों में देश ने आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और सुशासन के नए प्रतिमान गढ़े हैं। ये कालखंड सिर्फ सरकार का नहीं बल्कि विक. सित देश के संकल्प का सशक्त युग है। सब कार्यकर्ता सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर समर्पित भाव से निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। पूर्व सरकारों में आम जनता तक योजनाओ का लाभ नहीं मिल पाता था मगर भाजपा की केंद्र सरकार व योगी आदित्यनाथ की सरकार में जनता तक जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, पेंशन उज्जवला योजना आदि सारी योजनाओ का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम आयोजक बुढ़ाना बी शक्ति केंद्र के



संयोजक शाहिद असलम थे। यहां बूथ अध्यक्ष प्रवेश कश्यप, विकास, मास्टर सनव्वर, रिहान, शोएब, आरिफ सिद्दीकी, शाद, नूर, शुभम, महबूब, शादाब, आरिफ और जैद सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पदमश्री कैलाश खेर को किया सम्मानित : रेशू

**मुजफ्फरनगर।** ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आयोजित गंगा आरती में पद्मश्री कैलाश खेर की साथ सत्यप्रकाश रेशू भी उपस्थित रहे। सायं कालीन आरती के हवन-यज्ञ में रेशू को यजमान बनाया गया। सूफी गायक कैलाश खेर ने मां गंगा की सायं कालीन महाआरती से पूर्व भगवान शिव के तीन भजन नृत्य की साथ सुनाये।

आरती के बाद परमार्थ निकेतन के महंत चिदानन्द सरस्वती महाराज ने अपना सभी को आर्शीवाद दिया। इसी अवसर पर सत्यप्रकाश रेशू ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती व कैलाश खेर को सभी की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिस पर कैलाश खेर ने सत्यप्रकाश रेशू की साथ गत् वर्ष की महाआरती की याद को ताजा किया। जब चिदानन्द महाराज ने दोनो को रूद्राक्ष का वृक्ष लगाने के लिए भेंट किया था। उस समय भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री डॉ0 संजीव बालियान भी महाआरती में उपस्थित थे। इस सम्मान अवसर पर सत्यप्रकाश रेशू ने अपने कई शोध 144 करोड़ देशवासियो की सेवा के लिए धरातल पर उतारने की चर्चा स्वामी चिदानन्द सरस्वती व कैलाश खेर से की। जिसे कैलाश खेर व स्वामी चिदानन्द महाराज ने ध्यान से सुना, समझा व अपने सुझाव दिये। जिन्हें रेशू ने गम्भीरता से अपनाते हुए सभी सुझाव माने। इस अवसर



पर सत्यप्रकाश रेशू की साथ इण्डियन ऑयल उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड के कई उच्च अधिक. ारी, जोगेन्द्र हुडडा, योगाचार्य नवनीत आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पिता-पुत्र ने एक दूजे पर लगाए आरोप प्रत्यारोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा निवासी निशांत त्यागी ने कुछ लोगों पर अपने पिता को बरगलाने का आरोप लगाया है तो वहीं पिता आदेश ने अपने पुत्र और अपनी पुत्रवधू से अपनी जान को खतरा बताया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी निशांत त्यागी ने अपनी बीवी और बच्चों के संग कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती उसके पिता को कुछ लोगों ने बाहर निकालकर उनकी संपत्ति को हड़पने का काम शुरु कर दिया है तो वहीं निशांत के पिता आदेश त्यागी ने भी बताया कि में वृद्ध एवं अत्यंत बीमार व्यक्ति हूं। मेरी पत्नी का देहांत अब से करीब 18 साल पहले हो चुका है। मेरे परिवार में मुझसे अतिरिक्त मेरा पुत्र निशांत त्यागी, पुत्रवधू स्वाति, पत्नी निशांत, पौत्र राजा व पोत्री पीहू है। मेरा पुत्र निशांत और पुत्रवधू स्वाति मुझे पिछले काफी समय से घर से बाहर निकालने और जबरन मेरी संपत्ति अपने नाम करने की फिराक में हैं। जिस कारण निशांत और स्वाति मेरे साथ पिछले काफी समय से बेहद निराशाजनक व्यवहार कर रहे हैं। मुझे पता चला है मेरा पुत्र निशांत त्यागी और पुत्र वधू स्वाति मुझे जान से मारकर या मरवाकर मेरी संपत्ति हडपना चाहते हैं।

जिसमें मेरा पड़ोसी मोहित जो भू-माफिया है। जिसने पूर्व में भी कांधला रोड और चन्धेड़ी रोड आदि अनेकों संपत्तियों पर मुकदमे जुड़वाकर उन लोगों की संपत्ति खुद खरीदकर बेंची है और करोड़ों रुपए कमाए हैं। जो संपत्ति के मालिक थे उन लोगों को भी मोहित ने बर्बाद कर दिया है। वह मेरी संपत्ति खरी. दने के लिए षडड्ंत्र कर मेरे पुत्र व पुत्रवधू के साथ मिला हुआ है ताकि वह मेरी संपत्ति में भी मुकदमा जुड़वाकर खुद खरीद लेना चाहता है। मेरा पुत्र निशांत गुंडा प्रवृति का व्यक्ति है और वह अत्यधिक नशा भी करता है। में इस समय वृद्धावस्था के साथ अत्यंत बीमार हूं।

मुझे खतरा है कि मेरा पुत्र निशांत, पुत्रवधू स्वाति व मोहित किसी भी समय मुझे जान से मार या मरवा सकते हैं। मैं बहुत डरा हुआ हूं। आदेश त्यागी ने मोहित पुत्र महिपाल त्यागी आदि के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए अपनी संपत्ति व जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरु कर दी है।

# खरड में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को बांटे पंप्लेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत आज गुरुवार के दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया।

बुढ़ाना कोतवाली और फुगाना थाने की एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और राष्ट्रीय पोषण योजना शामिल हैं। टीम ने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी गई व साथ ही स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में पम्पलेट बांटे गये। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और आयुष्मान योजना भी शामिल है।

# श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय योग जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए योग सप्ताह के अंतर्गत श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग'' रही। इस कार्यक्रम में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बडी उत्सुकता के साथ प्रतिभाग किया।इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में ललित कला विभाग के निदेशक मनोज धीमान, प्रवक्ता ललित कला विभाग मयंक तथा बेसिक साइंस विभाग के प्रवक्ता राजदीप सेहरावत रहें।




इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश चौधरी, बीएजेएमसी, द्वितीय स्थान आयुषी त्यागी, बेसिक साइंस तथा तृतीय स्थान प्राची चौधरी, बीबीए, निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महिमा सैनी, द्वितीय स्थान मुस्कान सिंन्हा तथा तृतीय स्थान अंश चौधरी बीबीए ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान सिन्हा, बीबीए, द्वितीय स्थान मुस्कान बेसिक साइंस तथा तृतीय स्थान महिमा सैनी ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल, ललित कला विभाग, द्वितीय स्थान रितिका और ईशा ललित कला विभाग तथा तृतीय स्थान सोनम, होमसाइंस विभाग ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अलीशा तारिक द्वितीय स्थान रफत तथा तृतीय स्थान हुमैरा ललित कला विभाग ने प्राप्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन सचिन शर्मा, प्रवक्ता बेसिक साइंस विभाग ने किया।

# 42 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** लाभार्थियों की ई-केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण में लापरवाही बरतने व एप की शून्य गति पर 42 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोटिस जारी कर दो दिन में कार्य पूर्ण करने की चेतावनी दी है। साथ ही कार्य पूरा न करने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जा सकती है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी कैराना सुदेश भारती ने बताया है कि बाल विकास परियोजना कैराना में 42 आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया है।

## चेहरा प्रमाणीकरण में लापरवाही

इनके द्वारा पोषण ट्रैकर में ई-केवाईसी एंव फैस कैप्चर नहीं किया जा रहा है। पूर्व में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से तीन बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

लेकिन आज तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। बार-बार फोन के माध्यम से उन्हें अवगत कराया जाता रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कार्य न करने का लगातार बहाना बनाया जा रहा है और बिना किसी अवकाश के आंगनबाड़ी केंद्रों से गैर हाजिर मिल रही हैं। जिस कारण सरकार की महत्वकांक्षी बाल विकास परियोजना का कार्य प्रभावित हो रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्य प्रणाली से परियोजना की ई-केवाईसी एंव फैस कैप्चर की प्रगति शून्य है। अंत में बाल विकास परियोजना अधिकारी कैराना ने माह जून का मानदेय रोकने की मांग की है। जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# धोखाधड़ी कर हजारों रुपये व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कोर्ट के आदेश पर गाजियाबाद निवासी पर धोखाधड़ी कर हजारों रूपये तथा जान से मारने की धमकी देने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

विवेक कुमार पुत्र घसीटू सिंह निवासी वेदखेडी ने बताया कि वह जनपद गाजियाबाद में नवयुग मार्किट में एडवरटाइजिंग का कार्य करता है। वहीं उसका परिचय राज. कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी मालीवाडा गाजियाबाद से हो गया था। जिसने चार फरवरी को पीड़ित से धोखाधड़ी कर सत्ताईस हजार रूपये ले लिए और प्रार्थी को धमकी दी कि यदि कोई कार्यवाही की तो तुझे वहीं आकर जान से मार देगा। पीड़ित ने घटना की तहरीर झिंझाना पुलिस को दी थी, लेकिन कार्यवाही न होने पर उसने पुलिस अधीक्षक शामली को भी प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा पोस्ट किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ तथा बाद में माननीय न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# करंट से युवक की मौत, गमगीन माहौल में किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव हरसाना के युवक की बुधवार को करंट लगने से मौत हो गई थी इस प्रकरण में मृतक के पिता ने पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गमगीन माहौल में शव का दाह संस्कार किया गया। गांव हरसाना निवासी युवक कपिल पुत्र कल्लू गांव में नरेश मिस्त्री के यहां कार्य करता था बुधवार को गांव बसी चुधियारी निवासी फैसल के टड्बवेल पर ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए दोनों गए थे जिसमें किसान द्वारा बिजली घर से शटडाउन भी लिया गया था लेकिन अचानक लाइन में करंट आ गया जिससे



करंट लगने से कपिल की मौके पर ही मौत हो गई थी कपिल के पिता कल देर रात गांव में पहुंचे उसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी ।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में पहुंचा इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उक्त प्रकरण में कुछ लोग कार्रवाई की मांग को लेकर ऊन पुलिस चौकी पर एकत्र हो गए चौकी पर गांव वालों की भीड़ को देखते हुए थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे उन्होंने मृतक के पिता से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया इसके बाद लोग शांत हुए तथा गांव लौट गए।

# जेठ पर कपड़े फाड़ने का लगाया आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महिला ने पति की गैर-मौजूदगी में जेठ पर कपड़े फाड़ने व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बे के मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसका जेठ मोहम्मद आजम शादी के बाद से ही उसके ऊपर बुरी नजर रखता है। विगत मंगलवार को शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने कमरे में अकेली थी। जबकि उसका पति घर से बाहर गया हुआ था।

इसी दौरान उसका जेठ वहां पर पहुंचा और अकेली पाकर उसे दबोच लिया। आरोप है कि आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देवेंद्र हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दस दिन पूर्व बदलूगढ़ में हुई किसान देवेंद्र की हत्या के मामले में नामजद तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पकड़े गए 75 वर्षीय बुजुर्ग आरोपी से पुलिस घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद करने में नाकाम रही है। वहीं, पुलिस इससे पूर्व घटना में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।



विगत 09 जून को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के वक्त देवेंद्र बदलूगढ़ में अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। मामले की सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की थी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हत्याकांड से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। घटना के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आल. कलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस ने घटना में नामजद कराए गए यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस इससे पूर्व घटना में नामजद मौमीन व भूरा को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

हालांकि हत्याकांड में नामजद आरोपी तनवीर कुरैशी अभी पुलिस गिरफ्त से फरार है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रोपर्टी विवाद के चलते हुई किसान देवेंद्र की हत्या के मामले में नामजद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। घटना में नामजद दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा देवेन्द्र हत्याकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तीन दिन पूर्व गांव मामौर के जंगल में हुई हरियाणा के किसान देवेंद्र की हत्या का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मृतक के भाई ने सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर गम्भीर आरोप लगाए है। हालांकि पुलिस घटना में शामिल दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

विगत सोमवार को हरियाणा के जनपद पानीपत के सनौली थानाक्षेत्र के गांव कुराड़ निवासी किसान देवेंद्र की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र की ओर से गांव मामौर निवासी नदीम, शोबान व फरमान निवासीगण ग्राम मामौर के विरुद्ध कोतवाली कैराना पर हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने हत्यारोपी फरमान व नदीम को घटना वाले दिन शाम को ही गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियों वायरल हुआ है, जिसमें मृतक देवेंद्र के भाई ने सुरक्षा-व्यवस्था पर गम्भीर सवाल उठाए है। उसने हत्यारो. पियों पर अपने भाई की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्ममतापूर्वक हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। साथ ही, पुलिस प्रशासन पर भी घटना से पूर्व की गई शिकायतों को गम्भीरता से न लेने के आरोप लगाए है। वीडियो एक्स पर पोस्ट किया गया है।

# वॉलीबॉल में हरियाणा के रॉकी ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** रामलीला मेदान मे बुधवार को शुरू एक दिवसीय वॉलीवाल प्रतियोगिता रातभर जारी रही ,जिसमे विभिन्न प्रदेशों की कुल 48 टीमों ने हिस्सा लेकर प्रदर्शन किया।प्रथम स्थान बनाने वाले खिलाडी रॉकी जयरामपुर हरियाणा रहें। द्वितीय स्थान पर सहारनपुर के खिलाडी रहे। प्रतियोगिता देखने के लिए हजारो की संख्या लोग मौजूद रहे।

चौसाना पुलिस चौकी के सामने बुधवार को एक दिवसीय वॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे देशभर से 48 टीमों ने हिस्सा



लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का समापन्न गुरूवार की सुबह करीब ग्यारह बजे हुआ। रातभर प्रतियोगिता जारी रही। वॉलीवॉल मे प्रथम स्थान बनाने वाले खिलाडी रॉकी,जयरामपुर हरियाणा रहा,जिसको इक्कीस हजार की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया। वही दूसरे स्थान पर शास्त्री ,रादौर जिला सहारनपुर,तीसरे स्थान पर छोटू माजरी सहारनपुर व चौथे स्थान पर शाहरूख चौसाना रहें। जीतने वाले खिलाडियो को नगद राशि व मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

स्टार खिलाडियों में सुधीर पंजाब,जस्सी पंजाब,शिवम सहारनपुर, चित्ता, बाबा पंजाब, अजीम, पीयूष, बरसी, असमीर आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### डिवाइडर पर चढ़ा मिनी ट्रक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित गाड़ी वाला चौक के प्लाई ओवर के निकट सर्विस रोड के डिवाइडर पर देर रात्रि एक मिनी ट्रक चढ़ गया। गनीमत रही की कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ। बुधवार की देर रात मेरठ करनाल हाईवे स्थित गाड़ी वाला चौक के निकट सर्विस रोड के डिवाइडर पर एक मिनी ट्रक चढ़ गया। दुर्घटना में मिनी ट्रक का काफी नुकसान हो गया। गनीमत रही की दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सर्विस रोड के निकट काफी चाय तथा फलों के रेहड़े लगने से अन्य वाहन खड़े रहते हैं, जिस कारण शामली दिशा से आने वाले वाहन चालकों को सर्विस रोड दिखाई नहीं देता, इसी कारण यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। सर्विस स्टेशन के स्वामी अफसर अली, शौकीन, सोमपाल, जाहिद अली आदि ने एआरटीओ से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने की मांग की, जिससे हादसों से बचा जा सके।

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने तहसील शामली स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के .ष्टिगत त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में व्यवस्था को देखा और संबंधित से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने कहा के वेयरहाउस की सुरक्षा में कोई त्रुटि न हो। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को साथ लेकर ही वेयर हाउस खोला जाए और बंद किया जाए। इस अवसर पर एडीएम सत्एन्द्र सिंह, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### एडीएम धान खरीद अधिकारी नामित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद प्रक्रिया के सतत् अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), शामली को एतदद्वारा जिला खरीद अधिकारी नामित किया जाता है। अपर जिलाधिकारी समय-समय पर धान खरीद के संबंध में निर्गत सुसंगत शासनादेशों के अनुसार जनपद में धान खरीद कार्य सम्पादित कराएंगे। सी.यू.जी. दूरभाष संख्या-9454418995, कार्यालय दूरभाष संख्या-01398-270201 है।

### मत्स्य उत्पादन बढ़ाने को गोष्ठी 25 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने और मछुआ समाज के युवाओं को मत्स्य विभाग की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 20 जून को होने वाली संगोष्ठी किन्ही कारणो वश अब 25 जून को जनमंच, गांधीपार्क सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। इसमें सहारनपुर मण्डल के तीनो जनपदो द्धसहारनपुर, मुजफफरनगर, शामलीञ्च से मत्स्य पालक, मत्स्य व्यवसाय से जुडे युवा एवं पट्टाधारक विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। सहारनपुर मण्डल के उप निदेशक मत्स्य सर्वेश कुमार वर्मा ने सभी मत्स्य पालकों, पट्टाधारकों और संबंधित युवाओं से अपील की है कि वे 25 जून को सुबह 10 बजे जनमंच, गांधीपार्क सहारनपुर पहुंचकर इस गोष्ठी में प्रतिभाग करे।

### योग उत्सव के तहत शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजि शामली के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारी के रूप में योग सप्ताह उत्सव शिविर लगाया गया। पांचवे दिन योग साधको ने योग साधना के प्रति उत्साह दिखाया और नगर पालिका के प्रांगण में सैकड़ो साधकों ने शिविर में भाग लिया। शिविर का शुभारंभ ईओ विनोद कुमार सोलंकी व संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने किया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग आसन, प्राणायाम, ध्यान कराया गया। ऋषिपाल गोयल ने सभी साधकों को हंसी कराया और हंसी के लाभ बताएं। मंत्री अजय शर्मा ने भुजंगासन कराकर उसकी आसान के महत्वपूर्ण लाभ की जानक. ारी दी।

अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने योग का महत्व बताया। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने कहा कि कल योग सप्ताह संपन्न समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल सम्मलित होगे। इस अवसर पर श्रवण संगल, अशोक वशिष्ठ, अनिल शर्मा, रोहिनशर्मा, अजय शर्मा, रमेश बजाज, गौरव संगल, रामकुमार, अरविंद मलिक, अरविंद पांचाल, महेश शर्मा, जयपाल इंसा, मनोज गोयल, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बृहस्पतिवार को पीरखोन स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने को लेकर कस्बे के लोग थाना तहसीलदार से मिले। इंतजार, मोबीन द्वारा दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कस्बा स्थित कब्रिस्तान की भूमि खसरा संख्या 1453 रकबा 0.2360 हे. व खसरा संख्या 1455 रकबा 0. 4710 हे. कब्रिस्तान की भूमि को अवैध रूप से कस्बा निवासी अब्दुल्ला के द्वारा कथित तौर पर कस्बा निवासी अमित नगर पंचायत झिंझाना में सफाई नायक के पद पर कार्यरत को बेच दिया है। अमित के द्वारा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध तरीके से जेसीबी से कब्जा लेने की कोशिश की जा रही है। जब अमित को कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे से मना किया तो धमकी दी गई कि मैं अपने नीचे वाले सभी लोगों को बुलवाकर भूमि पर कब्जा करूंगा। मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है। कस्बे को लोगों ने तहसीलदार से कब्रिस्तान की भूमि का अवैध रूप से बैनामा करने वालों तथा अवैध कब्जा करने वाले अमित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की, वहीं तहसीलदार मृदुल दुबे ने कस्बे के लोगों को आश्वा. सन दिया कि जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सुपरवाइजरों ने लगाया बदनाम करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका के सुपरवाईजरों ने ईओ को ज्ञापन देकर कुछ लोगों पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होने उक्त लोगों पर नगर पालिका का कार्य न करने व झूठी शिकायते करने पर कार्यवाही करने की मांग की है।

गुरूवार को नगर पालिका के सुपरवाईजरों की एक बैठक नगर पालिका हॉल में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सुपरवाईजर जितेन्द्र ने बताया कि अरविन्द झंझोट द्वारा समस्त सुपरवाईजरो पर एंव नगर पालिका के उच्चाधिकारियो पर झूठे अरोप लगाए जाते रहते है। जिस कारण



नगर पालिका की छवि धूमिल हो रही है। अरविन्द झंझोट का पुत्र अरूण झंझोट नगर पालिका में आउटसोर्सिंग ठेका सफाई कर्मी है जोकि अपना सफाई कार्य कभी भी पूर्ण नही करता है। अपने कार्य में लापरवाही बरतता है और सुपरवाईजर पर भी झूठे आरोप लगाकर काम से बचने का प्रयास करता है। लगाए जाने वाले आरोपों का उनके पास कोई सबूत भी नही है। इसके बाद सुरपरवाईजरों ने ईओ को ज्ञापन देकर मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की। उन्होने ईओ को बताया कि अरविन्द झंझोट खुद को राष्ट्रीय अध्यक्ष बताकर पुत्र को काम नही करने देता। इससे पहले इनकी पत्नि सुनीता जो दीपक बिडला की वार्ड में कार्यरत थी। वहां भी कार्य नही किया गया। ईओ ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रवीन कुमार, सचिन कुमार, मनीष कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार, नितिन, अश्वनी तेश्वर, राजन पाहिवाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस में चयनित युवाओं का जैन मंदिर प्रबंधक कमेटी ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** पुलिस कास्टेबल परीक्षा उर्तीण कर ट्रेनिंग पर जा रहे कस्बे के युवाओ का दिगम्बर जैन मन्दिर प्रांगण में मंदिर कमेटी द्वारा पटका पहना कर करअभिनन्दन किया गया, उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

जलालाबाद नगर से उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती में काफी संख्या में युवाओ ने प्रतिभाग किया था। उनमें से शामली जनपद के कस्बा जलालाबाद में कई युवाओ ने पुलिस कांस्टेबल की भर्ती परीक्षा पास की थी। 22 जून 2025 से अब उनकी ट्रेनिंग होने जा रही है। इससे पूर्व इन सभी युवाओ को मन्दिर



प्रबन्धक समिति के मंत्री सुशील जैन द्वारा मन्दिर में आमत्रित किया व नगर गणमान्य व्यक्तियों को बुलाकर सभी बच्चों का सम्मान किया। जैन मंदिर समिति की और से सुशील जैन ने सभी बच्चों को पटका पहना कर सम्मान के साथ बधाई देते हुए उनकी रवाना किया।

इससे पूर्व थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने भी पुलिस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस कांस्टेबल में आकाश नायक पुत्र सुरेंद्र नायक, लक्की कुमार पुत्र शिव कुमार, शिवम् कुमार एवं कुलदीप आदि बच्चों को शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर सचिन जैन, विकास कुमार, आशीष नायक एस आई, ऋतिक नायक, राहुल जैन, रिक्की कुमार, सचिन कुमार, मोनू कोरी आदि रहे।

# साधकों को कराया योगाभ्यास

**शामली।** जिलाधिकरी अरविंद कुमार चौहान मुजफ्फरनगर/शामली डॉ. इसम पाल, होम्योपैथी जिला चिकित्साधिकारी डा. विधु शेखर मालिक के कुशल मार्गदर्शन में संचालित आयुष योग वेलनेस सेंटर, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ाना में कार्यरत मास्टर योग ट्रेनर राज कुमार द्वारा नगर पंचायत बनत में साधकों को सामान्य योगाभ्यास क्रम का प्रशिक्षण दिया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर थीम-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

# डीएम ने किया औषधि केन्द्र का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए सीएचसी का निरीक्षण कर गहनता से जांच की और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से भारत सरकार देश के नागरिकों को सस्ती एंव गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करती है।

जिलाधिकारी ने चिकित्सालय की ओपीडी, प्रसव केंद्र, औषधि भंडारण, इमरजेंसी, लैब, ऑक्सीजन प्लांट, वार्ता अनुकूलित औषधि केंद्र सहित समस्त अभिलेखों की गहनता से जांच की। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के कारण वह संतुष्ट नजर आए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को अच्छे उपचार के साथ-साथ अच्छे व्यवहार की भी आवश्यकता होती है।

निरीक्षण व उदघाटन के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ नितिन कुमार, मंसूर अली, मीनाक्षी, कमल सिंह राणा, जुगल किशोर, सुरेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## स्मैक समेत पकड़ा

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा नशे के कारोबार करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया ।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि वे सब इंस्पेक्टर अजब सिंह, वह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे तो मुखबिर ने सूचना दी एक नहर की पटरी के पास किसी को स्मैक बेचने के लिए खड़ा हुआ है।सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर जैसे ही पहुंची तो वहां पर खड़े एक व्यक्ति।पुलिस को देख वहां से जाने लगा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली तो उस के कब्जे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिस को अपना नाम जयद्रथ पुत्र लक्ष्मी निवासी मोहल्ला खालसा कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पर्यावरण बचाने को पेड़ लगाए: विनोद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत जयंतीपुर में हो रहे वृक्षारोपण कार्य के निरीक्षण आई एस अधिकारी विनोद कुमार मीणा, खंड विकास अधिकारी नीरू मलिक, पहुंचे जहां उन्होंने वृक्षारोपण के लिए खोदे गए गड्ढों का निरीक्षण किया व वृक्षारोपण कर शुभकामनाएं प्रेषित की बता दे कि आई ए एस अधिकारी विनोद कुमार मीणा जो कि अंडर ट्रेनिंग है ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए वृक्षारोपण की जमकर तारीफ की।

उन्होंने बताया कि जयंतीपुर में पहले भी कई अभूतपूर्व कार्य हुए है जिनका जिले पर भी चर्चा है वहीं उन्होंने बताया कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने की लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। उन्होंने गांववासियों से अपील की कि वृक्षारोपण सिर्फ ग्राम प्रधान या शासन प्रशासन की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि सभी को मिलकर इस मुहिम के लिए आगे आना है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी नीरू मलिक ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है जिस प्रकार अपनी जरूरतों को पूर्ण करने के लिए मनुष्य वनों का दोहन कर रहा उससे प्रकृति का संतुलन लगातार बिगड़ रहा जो कि एक दिन विनाशकारी सिद्ध होगा इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण अति आवश्यक है। ग्राम प्रधान मुनेश रानी ने बताया कि हमने गांववासियों की मदद से 8000 पेड़ अब तक बचाए है जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वृक्षारोपण में रोपे गए पौधों का पूर्ण रूप से संरक्षण कर उन्हें बचाया जाएगा। वृक्षारोपण जल संचय में बहुताधिक सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी अरविन्द श्रीवास्तव वन दरोगा विपिन कुमारा , सचिन कुमार ए डी ओ आई एस बी प्रमोद कुमार सचिव संजय कुमार, कबूल चंद, सर्वेश कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, सोसिंह, प्रदीप यादव, संजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभद्रता के विरोध में टोल पर किसानों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** चमारीखेड़ा टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने टोल कर्मियों की अभद्रता के विरोध में दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टोल लेन पर दरी बिछाकर बैठकर टोल फ्री करने की मांग की और टोल मैनेजर को घेर लिया। नारेबाजी से माहौल गर्म रहा।

भाकियू ने आरोप लगाया कि टोल कर्मियों ने उनके साथ बदतमीजी की, जिसके चलते यह प्रदर्शन हुआ। थाना फतेहपुर प्रभारी सचिन पुनिया और गागलहेड़ी प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों चले तनाव के बाद टोल मैनेजर अवनीश मिश्रा के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया.

प्रदर्शन में विनय चौधरी (राष्ट्रीय सचिव), चौधरी रघुवीर सिंह (पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रवक्ता), नरेश स्वामी (जिला अध्यक्ष), अजय कंबोज (जिला महामंत्री), नदीम अंसारी (युवा जिला अध्यक्ष), सचिन चौधरी, अमित मुखिया, प्रदीप चौधरी, मास्टर सतपाल चौधरी, पदम चौधरी, मास्टर धनवीर चौधरी, राहुल उपाध्याय, रवि सैनी और मास्टर शहजाद अंसारी शामिल थे।

विनय चौधरी ने कहा, ष्टोल कर्मियों का व्यवहार अस्वीकार्य है। हमारी मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।ष टोल प्रबंधन ने जांच शुरू करने का वादा किया। इस घटना ने टोल कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। भाकियू ने भविष्य में भी जनहित के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

## बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दुमझेड़ा रोड पर कार व बाईक की आमने सामने की भिंड़त में बाईक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना से दुमझेडा रोड के बीच जैविक खाद प्लांट के निकट स्विफ्ट डिजायर कार भ्त 02 ।ग 4020 में सवार होकर चिलकाना निवासी युसुफ पुत्र अब्दुल गय्यूर चिलकाना की ओर से जा रहा था। कि दुमझेडा की ओर से आ रहे स्पलैंड बाईक न्च 11 ब्ब 8346 सवार अरसद पुत्र इरशाद के साथ आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाईक सवार अरसद का सिर सडक में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद कार सवार व्यक्ति अपनी कार को मौके पर छोडकर अन्य वाहन से घायल को लेकर अस्पताल चला गया।

# ग्राम पंचायत के कार्यों को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ग्राम पंचायत चकवाली में श्रीमती प्रतिमा सिंह निदेशक उद्योग व व्यापार केंद्रीय नोडल अधिकारी द्वारा गांव में भ्रमण कर ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को देखा गया। भारत के नक्शे का तालाब व चकवाली द्वार देखकर सराहना की।

श्रीमती प्रतिमा सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन के साथ क्षेत्र की ग्राम पंचायत चकवाली का भ्रमण किया। गांव के तालाबों व अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान व उनकी टीम की सराहना की। निरीक्षण के बाद ग्राम संसद भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन की अध्यक्षता में ग्रामीणों , प्रधानों व कई विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर समीक्षा की। ग्राम प्रधान श्रीमती सविता देवी ने निदेशक प्रतिमा सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। बैठक में डीपीआरओ आलोक शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता लघु सिंचाई मोहिंद्र सिंह, केंद्रीय वैज्ञानिक विकास तोमर, बीडीओ सोनिका चौधरी, एडीओ कुशलपाल, नकुल चौधरी, विकास प्रधान, बोबी प्रधान, ग्राम सचिव विनीत, ग्राम रोजगार सेवक नीरज, पंचायत सहायक मधु, मास्टर भूपेंद्र, धर्मवीर किसान संघ, मांगेराम, आनंद, गौरव, तालिब, मनोज, इसरान, ज्ञान सिंह, बिजेंद्र, मेघराज सिंह, विश्वास, सुशील, विक्रम आदि मौजूद रहे।

# छवि खराब करने का आरोप लगा दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य और छुटमलपुर नगर पंचायत निवासी अंकित वर्मा ने थाना फतेहपुर में अंकुर सैनी और गोरव वर्मा के खिलाफ तहरीर दी है। अंकित ने आरोप लगाया कि दोनों ने उनकी छवि खराब करने, धमकी देने और रंजिश रखने की कोशिश की है।

अंकित वर्मा, रूडकी रोड, छुटमलपुर के निवासी और ज्वैलर्स व्यवसायी, ने अपनी तहरीर में बताया कि करीब एक माह पहले अंकुर सैनी, जो बिजली संविदा कर्मी और भाजपा नेता हैं, ने उनसे एक लाख रुपये उधार मांगे। अंकित ने कोई पूर्व परिचय न होने के कारण रुपये देने से मना कर दिया, जिसके बाद अंकुर ने रंजिश शुरू कर दी। अंकित का आरोप है कि अंकुर सैनी और गोरव वर्मा ने मिलकर उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत देकर सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी नेताओं को दबाव में रखने और उनकी छवि धूमिल करने का इल्जाम लगाया। अंकित ने आगे कहा कि दोनों ने उन्हें रास्ते में देख लेने की धमकी दी, जिससे उनके और उनके परिवार की जान-माल को खतरा है। उन्होंने थाना अध्यक्ष से इस मामले में उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने छुटमलपुर में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है।

# पुस्तक 'क्रांति के गुमनाम योद्धा' का विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** सैनी समाज के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ स्थित हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर मिला।

अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र सैनी, रामकुमार सैनी, भारतीय राष्ट्रवादी सैनी समाज संगठन के उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ संजय सैनी संरक्षक मलखान सैनी, कुरुक्षेत्र सैनी सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी हरिद्वार जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, इकबालपुर गन्ना समिति के चेयरमैन सुंदर सिंह सैनी सहित सैनी समाज की अगवाई मे मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की और उत्तराखंड के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संजय कुमार सैनी की पुस्तक क्रांति के गुमनाम योद्धा का विमोचन हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने हाथो से किया। उन्होंने डॉ संजय को बधाई देते हुए कहा कि समाज को जागृत करने के लिए क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों के इतिहास को जानना बहुत जरूरी है हमें अपने बच्चो को अपने महापुरुषों के बारे जानकारी अवश्य देनी चाहिए जिसके लिए लेखक मुख्य भूमिका निभाकर उनके जीवन परिचय को आम जन तक पंहुचाने का काम करता है। वही चेयरमैन हरिद्वार किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री जी को गंगाजली, रुद्राक्ष कि माला के साथ गणेश भगवान कि प्रतिमा भेंट की एवं पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र सैनी ने शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया और हरिद्वार मे भागीरथ घाट पर बनाई जाने वाली भगवान भगीरथ जी की विशाल मूर्ति के अनावरण करने के लिए सादर आमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रधान आदित्य राज सैनी, जिला पंचायत सदस्य रवि कुमार सैनी, इंजी दुष्यन्त सैनी, शशिकांत सैनी, बार कौन्सिल भगवानपुर के अध्यक्ष जितेंद्र सैनी एडवोकेट, सहित समाज के बहुत से जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

# गुपचुप तरीके से रात में दीवार बना लेने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में विवादित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा रातो रात गुप चुप तरीके से दीवार बनाने का आरोप लगाते हुए पीडित व्यक्ति की ओर से थाना पर एक तहरीर दी गई है, जिसमें उक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने एवं विवादित भूमि से यह दीवार हटवाते हुए पूर्व स्थिति बनवाये जाने की मांग की है।

पीडित गिरीराज पुत्र हरफूल सिंह निवासी ग्राम निर्माणी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि मोहल्ला काजीमल सुलतानपुर थाना चिलकाना निवासी कुछ लोग उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करते रहते हैं। इस सम्बन्ध में उसका उन्ही लोगों के साथ न्यायालय में एक वाद भी चल रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने मंगलवार को रात्रि के समय चोरी छिपे विवादित जमीन पर कब्जा करने की नियत से दक्षिण से पूर्व की ओर एक दीवार बना ली है। जिसके बारे में सुबह के समय पडौसियों द्वारा पीड़ित को जानकारी दी गयी है। यदि पीडित ने इन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने उसे धमकियां देते हुए कहा जो होता है कर लेने की धमकी दी है।

पीड़ित का कहना है कि वह बीमार एवं अमन पसंद व्यक्ति है जो कि इन लोगो के साथ लडाई झगडा नही चाहता है।

# बिजली के तारों से टकरा दस टायरा ट्रक जला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर शाकुंभरी देवी गेट के पास मोहण्ड के जंगल में सड़क किनारे से होकर गुजर रहे बिजली के तारों से टकराकर दस टायरा ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे आसमान छूने लगी, इस दौरान दहशत के मारे सड़क के दोनों तरफ ट्रैफिक जहां का तहां रुक गया और सूचना मोहण्ड पुलिस चौकी को भेजी गई। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सामान से लदा ट्रक जलकर राख में तब्दील हो चुका था।

बताया जा रहा है कि सहारनपुर की तरफ से डिस्पोजल क्राकरी और विभिन्न तरह के परचून जैसे सामान से लदा हुआ एक ट्रक बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे देहरादून जा रहा था। मोहण्ड के जंगल में बिजली की हाइटेंशन लाइन से टकराकर ट्रक में अचानक आग लग गई, इस हादसे के दौरान चालक ने हिम्मत दिखाते हुए ट्रक को एक साइड में खडा किया और कूद कर अपनी जान बचा ली। सड़क पर जलते हुए ट्रक को देखकर राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई, करीब एक घंटे तक सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मोहण्ड पुलिस भी बिना पानी ट्रक में लगी आग बुझाने में बेबस नजर आई।

# पुलिस व हिस्ट्रीशीटर में मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बाद मुठभेड एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी गौकश बदमाश को घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से बिना नम्बर की एक बाईक व अवैध अस्लाह भी बरामद हुआ है।

बुधवार को थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि एसएसपी के आदेशानुसार क्षेत्र में चोरी, गौंकशी व अन्य अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतू चलाये गये अभियान के अन्तर्गत घोडापीपली रोड पर बुड्ढी यमुना नदी के पुल के निकट संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग किये जाने के दौरान घोडापीपली की ओर से बिना नम्बर प्लेट की बाईक पर सवार संदिग्ध व्यक्ति को जैसे ही रोकने के लिए इशारा किया गया तो वह पुलिस को देख वापस मुडकर भागने की कोशिश करने लगा और अनियंत्रित होकर बाईक से नीचे गिरकर भागने लगा। पुलिस टीम ने जैसे ही उसका पीछा किया तो पुलिस को को नजदीक आता देख बदमाश ने जान से मारने की नीयत से फायर झौंक दिया। जवाबी कार्यवाही करते हुए आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी तथा वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। जिसे पुलिस टीम ने दबौच लिया। घायल बदमाश के कब्जे से एक बिना नम्बर की हीरो स्पलैंडर बाईक एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा दो खोखा कारतूस भी बरामद किये गए हैं। बदमाश की पहचान रिहान कुरैशी पुत्र इमरान कुरैशी निवासी मौहल्ला मजहर हसन चिलकाना के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ अनेक थानों पर चोरी, गौंकशी, नकबजनी, पशुचोरी, आयुध अधिनियम, गैंगस्टर व एनडीपीएस जैसे एक्ट में डेढ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

# बिजली चोरी करते पकड़े 36 उपभोक्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** विद्युत विभाग और विजिलेंस ने संयुक्त टीम ने अबेहटा और गांव टिडोली में छापामारी की जिसमें 36 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।

अबेहटा विघुत उपकेंद्र जई अश्विनी चौबे के नेतृत्व में विजिलेंस प्रभारी विनोद कुमार, एसआई प्रमोद महरा कांस्टेबल आदि टीम के साथ कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 18 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।और गांव टिडोली में छापामारी के दौरान 17 ग्रामीणों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है।

जेई अश्विनी चौबे ने जानकारी देते हुए बताया 50 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के यहां चेकिंग के दौरान करीब 36 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। जिनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया जा रही है।

इस दौरान टीजी टू नितिन कुमार, लाइनमैन शाकिर, इरशाद सलमानी, सचिन धीमान, अंकित कुमार आदि मुख्य रूप से रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्रों मौ. वासिब व व मौ. नासिर को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. आलिम पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम नादराना, तहसील बेहट, जिला सहारनपुर।**

# बीट प्रभारियों को वितरित किए गए आधुनिक मोबाइल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस मोबाइल फोन थाना प्रभारी द्वारा बीट प्रभारियों को वितरित किए गए।

जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि यह मोबाइल बीट हेड कांस्टेबल तथा कांस्टेबल को एक सहयोगी के रूप में काम करेगा। इस मोबाइल के माध्यम से पुलिसकर्मी अपनी बीट में जाकर अपराधी का अपराध संबंधी सत्यापन तथा अपराधी का पूरा डाटा मोबाइल में मिलेगा। आधुनिक ऐप के माध्यम से साइबर अपराधों पर भी अंकुश लगाने का इस मोबाइल से सहयोग मिलेगा। थाना प्रभारी ने आगामी कावड़ यात्रा की दृष्टिगत पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ जिम्मेदारी निभाते हुए कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जो जिम्मेदारी जिस पुलिसकर्मी को दी जाएगी वह उसमें कोताही न बरते।

उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा के दौरान क्षेत्र में शरारती एवं खुराफाती तत्वों पर विशेष निगरानी की जाए। यदि कोई शरारती तत्व समाज अथवा कांवड़ यात्रा का माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तों ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। बैठक में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी, उपनिरीक्षक महेश चंद, उप निरीक्षक नीरज कुमार, वीरबल सिंह, प्रवीण कुमार,अनुज कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# वंशिका को मिलेगी इंस्पायर स्कॉलरशिप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय की बी.एससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा वंशिका सैनी का डीएसटी, भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है। इसके तहत सरकार की ओर से विज्ञान क्षेत्र में अध्यनरत विद्यार्थियों को 80,000 रुपए की वार्षिक स्कॉलरशिप प्रदान कराई जाती है।

कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने छात्रा वंशिका सैनी को अनेक शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं निरंतर अपने कौशल का विकास कर रहे हैं, जो निश्चित रूप से उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। आगे उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की छात्रवृत्ति छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता का माध्यम होती है, जो उन्हें अध्ययन पर पूरी तरह केंद्रित रहने में सहायता करती है। इस अवसर पर डीन रिसर्च प्रो. डॉ. राजीव दत्ता, यू.टी.डी.सी कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार व संकाय के सभी सदस्यों ने इंस्पायर स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली छात्रा को अपनी शुभकामनाएं दी।

**NAME CHANGED**

I, hitherto known as SAHAJ KAUR alias DARSHPREET KAUR D/O GURPREET SINGH R/O H.NO.GALIRA ROAD, JYOTI VIHAR, SAHARANPUR, NAKUR SAHARANPUR. UTTAR PRADESH-247001 have changed my name and shall hereafter be known as DARSHPREET KAUR.

## चिकित्सा शिविर लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय भानु के निर्देशानुसार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार के नेतृत्व में ग्राम नई नगली माजरी में एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

# सरकार की सफलता के 11 वर्ष पर

## विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विकसित भारत संक्लप सभा का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन एवं गरीब कल्याण की सफलता पूवर्क सरकार के11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार के कार्यकाल की उपलब्ध्यिों का बखान किया।



शक्ति केंद्र प्रभारी चौ. ओमपाल सिंह ने तहसील क्षेत्र के गांव बाबूपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में उक्त विचार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के विकास एवं उत्थान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना एवं सरकार द्वारा अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तरक्की की ओर बढ़ रहा है और पूरी दुनियां में मोदी का डंका बज रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का सब का साथ सबका विकास के अंतर्गत जनता के हित में कार्य किए जा रहे हैं। जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है।

इस दौरान सेक्टर संयोजक मानु राठी, ओबीसी अध्यक्ष जितेंद्र, संदीप राठी, अंग्रेस पंवार, संदीप मुखिया, मांगेरामपाल, चौ. राजपाल सिंह, मा. हनीफ, नीतू कुमार, रितिक राठी, सोनू चौ., सुनील उपाध्याय, राम सिंह और नेत्रपाल सिंह आदि मोजूद रहे।

# मुसलमान शरीयत के अनुसार करें शादियां: गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि मुस्लिम समाज में होने वाली शादियों में शरीयत का खुला उल्लंघन हो रहा है। इन समारो. हों में मर्द–औरतों का एक साथ होना और बेपर्दगी होना चिंता का विषय है।



मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि मुसलमानों ने शरीयत और सुन्नत तरीके को छोड़कर शादियों में रस्म–ओ–रिवाज और दिखावे को परंपरा बना लिया है। समारोह में एक ही पंडाल में औरत और मर्द साथ बैठ रहे हैं, इससे शरीयत के आदेशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात तो यह है कि दिखावे के नाम पर औरतें गैर महरम के सामने बिना हिजाब के बेधड़क बातचीत कर रही हैं। जिससे सीधे तौर पर शरीयत की मुखालिफत हो रही है। मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि वर्तमान में शादियों के अंदर इस तरह की परंपराएं समाज का हिस्सा बन रही हैं। जिनका इस्लाम मजहब में दूर दूर तक का वास्ता नहीं है। इस्लाम मजहब की मूल शिक्षा में औरतों के लिए पर्दा और मर्दों के लिए अपनी निगाहों की हिफाजत करने का हुक्म है। लेकिन आज उसको खुले तौर पर अनदेखा किया जा रहा है। जिसके लिए पूरे समाज को चिंता करते हुए इस पर विचार करना होगा।

# व्यापारियों की समस्याओं का कराया जाएगा समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल उत्तर प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ की आयोजित बैठक में व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा कर व्यापारियों ने एकजुटता पर बल देते हुए सभी समस्याओं का समाधान कराये जाने का निर्णय लिया।



रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलशाद चार्ली ने कहा हम व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम उनके लिए एक ऐसा मंच तैयार करें, जहां वह खुलकर अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन उसके लिए सभी व्यापारियों को एकजुट होना होगा। अध्यक्षता कर रहे शाहब नबी ने कहा कि व्यापारियों के सामने व्यापार करने में कई तरह की चुनौतियां सामने आ रही हैं। इनसे निपटने के लिए एकजुट होकर मजबूत होना होगा। इस दौरान व्यापारियों ने कर, बाजार में उतार चढ़ाव समेत अन्य मुद्दे रखे। जिन पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। संचालन मो. शादाब ने किया। इस मौके पर शादाब अंसारी, फहीम सिद्दीकी, नौशाद अंसारी, ललित कुमार, नौशाद सिद्दीकी, फिरोज, हिमांशु और अनस मौजूद रहे।

# योग से बिमारियों में मिलता हैं लाभ: महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** योग गुरु स्वामी शांतनु महाराज ने कहा कि निरंतर योग करने से माइग्रेन, डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर, हर्निया, कमर दर्द, दमा और हृदय रोग जैसी बीमारियां समाप्त हो जाती हैं।



श्री कृष्ण प्रबुद्ध सिद्ध कुटी में आयोजित हुए योग शिविर में स्वामी शांतनु महाराज ने लोगों को योगासन और प्राणायाम की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योगासन शरीर को लचीला बनाने के साथ ही मांसपेशियों को मजबूत करता है। योग पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि योग एक शक्तिशाली तनाव निवारक है, जो मन को शांत करने और चिंता को कम करने में मदद करता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए योग करना बहुत जरूरी है। इस दौरान डा. अरविंद जो. हरी, राजकुमार जाटव, विरेंद्र गोयल, डा. संजय कुमार, मास्टर यशपाल सिंह, डा. कृष्ण कुमार जोहरी, विपिन कुमार, मानपाल सिंह, रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों का एकीकरण देगा निजीकरण को बढ़ावा: चंद्रहास सिंह

**बिजनौर।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज करना सरकार का खेदजनक कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) से शिक्षा व्यवस्था में नवाचार एवं सुधार के अपार संभावनाएं व भौतिक संसाधन बढ़ेंगे आदि सपने दिखा कर प्रदेश के 2700 से अधिक विद्यालयों को मर्ज कर सरकार गरीबों से शिक्षा छिनने का काम कर रही है। साथ प्रदेश के योग्य डिग्रीधारी बेरोजगारों को रोजगार से दूर कर रही है। सरकार को यह आदेश वापस लेना चाहिए और बेसिक शिक्षा विभाग में नए पद



सृजित कर भर्ती निकालनी चाहिए, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी का ग्राफ कम होगा। देश की शिक्षा पर पूंजीपतियों का कब्जा है और यह कदम भी निजी विद्यालयों को और मजबूत करने का रास्ता है। सरकार को बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) के शासनादेश को वापस लेते हुए शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए और अच्छे संसाधनों को देना चाहिए।

## एक नजर

### खंड अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

**देवबन्द।** विद्युत खण्ड अधिकारी अनिल चौरसिया का स्तानांतरण होने पर नगर वासियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। नजर फाउंडेशन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी ने कहा कि एसडीओ विधुत अनिल चौरसिया ने अपने पद पर रहकर, पद की गरिमा/जिम्मेदारी का ख्याल रखते हुए लोगो की समस्याओं को समझा और उनका निराकरण कराये जाने के लिए हर संभाव प्रयास किये हैं। उन्होने अपने सादगी व्यवहार से सबका दिल जीता हैं। विदाई कार्यक्रम में आई आई ए के पूर्व अध्यक्ष जर्रार बैग, मौलाना शाह आलम गोरखपुरी कार्यकारी सहायक सत्येंद्र रावत, अवर अभियंता विजय कुमार शर्मा, अवर अभियंता गुलशन झा, तकनीकी कर्मचारी मोहम्मद जीशान, रिंकू कुमार, गोविंद कुमार, रवि पाल सिंह, संदीप कुमार, अमन चौधरी, नीतेश वत्स, मो मुस्तकीम, शमसुद्दीन, मो राशिद, चांद कुरैशी आदि लोग शामिल रहे।

### प्रबंधक पद के लिए दीपकराज सिंघल व देवीदयाल शर्मा के बीच होगा चुनाव

**देवबन्द।** केएल जनता इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव शुक्रवार को होगा। चुनाव अधिकारी जेवी इंटर कॉलेज सहारनपुर के पूर्व प्रधानाचार्य कुलभूषण कुमार जैन ने केवल प्रबंधक पद के लिए चुनाव होगा। इस पद के लिए वर्तमान प्रबंधक दीपकराज सिंघल और देवीदयाल शर्मा एडवोकेट के बीच मुकाबला है। जबकि अध्यक्ष पद के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सेठ कुलदीप कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए अनुपम वशिष्ठ, उप प्रबंधक पद के लिए देवीदयाल गर्ग और कोषाध्यक्ष पद के लिए महेंद्र गिरधर सर्वसम्मति से चुने गए हैं।

### अधिवक्ता वसीम राणा को बनाया देवबन्द तहसील अध्यक्ष

**देवबन्द।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम (लीगल सेल) के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने क्षेत्र के बन्हेड़ा खास गांव निवासी अधिवक्ता वसीम राणा को संगठन का देवबंद तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष रजनीश गौतम और प्रदेश सचिव राशिद हुसैन ने वसीम को नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बालेश्वर प्रसाद, सह जिला प्रभारी शाह फैसल, शाहनवाज, आर्य आजाद, आसिफ खान, सोनू गौतम, हिमांशु कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### धामपुर में मौहल्ला चौपालों का आयोजन

**धामपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित मोहल्ला चौपालों में सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाया गया। नगर के बाड़वान मोहल्ला स्थित होली चौक पर आयोजित मोहल्ला चौपाल में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मोदी सरकार ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 206 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां 60 करोड़ से अधिक नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

### हो रहा अवैध खनन

**नजीबाबाद।** उत्तराखंड प्रदेश के जनपद पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत कोटद्वार से डंपर खनन सामग्री लेकर उत्तर प्रदेश के भागूवाला रायपुर एवं वीरू वाला में स्थित स्टोन क्रेशर पर खनन सामग्री उतारते हैं। इन डंपरों पर कोई भी वैध प्रपत्र नहीं होता है। सभी डंपर कौड़या रेंज से होकर नजीबाबाद थाना एवं रायपुर थाने की सीमा में प्रवेश करते हैं। सूत्रों की माने तो वन विभाग भी मासिक एंट्री लेकर खूब वारे के नियारे कर रहा है। कोटद्वार में भी खनन पट्टे के पोर्टल 15 तारीख से पूर्ण रूप से बंद हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि फॉरेस्ट रेंज ऑफीसर राजेश (साहनपुर रेंज) 15 जून से पोर्टल बंद होने का फायदा उठाकर डंपर स्वामियों से अनावश्यक कारण बताकर अवैध उगाही कर रहे हैं।

# धामपुर शुगर मिल में मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल एवं डिस्टिलरी यूनिट में अर्धवार्षिक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने की। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने हेतु प्रशिक्षित करना तथा कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अनुरूप सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना रहा।

ड्रिल के दौरान यह परिदृश्य रचा गया कि ई.टी.पी. प्लांट के मोलासेस टैंक नंबर 2 के पास कटिंग वेल्डिंग कार्य के समय आग लग गई। आग पर नियंत्रण पाने हेतु फायर सेफ्टी टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर उपकरणों का प्रयोग किया। घायलों की भूमिका निभा रहे कर्मचारियों को एंबुलेंस द्वारा ओएचसी सेंटर भेजा गया।

फायर अधिकारी दीपक चौधरी और उनकी टीम ने फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग बुझाने का प्रैक्टिकल रिहर्सल किया। इस अवसर पर रानी बाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार खोखर तथा धामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम भी मौके पर मौजूद रही। एच.आर. हेड विवेक सिंह यादव ने जानकारी दी कि मिल प्रबंधन द्वारा समय–समय पर सेफ्टी टीम को नए उपकरणों से लैस किया जा रहा है।



मॉक ड्रिल के दौरान फायर सेफ्टी टीम के सदस्य सौरभ प्रताप सिंह ने फायर सूट और ऑक्सीजन सिलेंडर पहनकर आग के बीच से 'घायल' कर्मचारियों को बाहर निकालने का प्रदर्शन कर सुरक्षा के महत्व को दर्शाया।

इस मौके पर कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, सेफ्टी ऑफिसर श्री भरत भूषण बर्नी सहित मिल के सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजय कुमार गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी सुरक्षा जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही।

प्रमुख उपस्थितजनों में उपेन्द्र तोमर, तरुण राणा, अजय पांडे, मोहित वशिष्ठ, धीरज कुमार सक्सेना, दुर्गेश राठौर, अर्पण सैनी, उज्ज्वल सिंह, आबिद हुसैन एवं करणवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# महाराणा प्रताप के संघर्ष और चेतक की वीरगाथा पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में आयोजित 'नमन हल्दी घाटी' कार्यक्रम ने महाराणा प्रताप के शौर्य, चेतक की वीरता और हल्दी घाटी युद्ध के ऐतिहासिक महत्व को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का उद्घोष स्वाभिमान का प्रण था, हल्दी घाटी का रण था ने सभी को राष्ट्रीय गौरव से ओत–प्रोत कर दिया।



कार्यक्रम का प्रथम चरण ओम फार्म हाउस के सभागार में आरंभ हुआ, जहाँ विचार गोष्ठी के माध्यम से हल्दी घाटी युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, महाराणा प्रताप के संघर्ष और चेतक की वीरगाथा पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ताओं में पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, संरक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, जिला क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के अध्यक्ष धर्मेश चौहान, डॉ. आर.के. चौहान, डॉ. वी.के. सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का सर्वाधिक भावुक पल तब आया जब महासंघ के संरक्षक डॉ. लोकेंद्र सिंह चौहान हल्दी घाटी की पावन मिट्टी लेकर पधारे। मिट्टी से तिलक करते ही पूरा सभागार 'मेरे देश की पावन माटी को, नमन है, हल्दी घाटी को।' के जयघोष से गूँज उठा। वीर रस से ओतप्रोत काव्य गोष्ठी में डॉ. पूनम चौहान, डॉ. अनिल शर्मा, राजकुमार वर्मा, गीतक. ार नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत और जगदीश सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप के बलिदान, चेतक की वीरता और घास की रोटियों की गाथा को काव्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। इस अवसर पर कुंवर आशीष राजपूत (युवा अध्यक्ष), धनंजय सिंह (महामंत्री), भूपेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर रविकांत, नागेश्वर दयाल गहलोत, इंजीनियर डी.बी. सिंह, रेखा सिंह, ज्योति सिंह, भाजपा धामपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रवेन्द्र सिंह ने सभी आगंतुकों, कवियों और संगठनकर्ताओं का आभार जताया।

# राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कुरी हाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी एवं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी फहीम उर रहमान के निवास पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु की कामना की।

वक्ताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की नीतियों और जनहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र संविधान और भाईचारे की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित कर समाज सेवा का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया।

वहीं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष चौधरी फहीम उर रहमान व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल संयुक्त रूप से कहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा मिली है और कांग्रेस पार्टी देश की जनता के हित के लिए काम कर रही है। बिना किसी भेदभाव के देश की जनता को बढ़ती महंगाई एवं युवाओं को बेरोजगारी के मुद्दे को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक प्रमुखता से कांग्रेसी नेता उठा रहे हैं, जिससे आज देश की जनता फिर से कांग्रेस को उम्मीद की नजरों से देख रही है। इस मौके पर कांग्रेस आईटीआई विभाग के जिला चेयरमेन रिफाकत चौधरी, डॉ. यज्ञदत्त गौंड, आसिफ कुरैशी, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, वली उर रहमान, नय्यर चौधरी, बबलू अहमद, नजाकत चौधरी, हाजी गफ्फार आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **शहजाद** मेरे कहने- सुनने में नहीं है। **शहजाद** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में **शहजाद** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**आमना खातून**
**पत्नि स्व0 जमीर अहमद**
निवासी: म0नं0-1/2402, धर्मदास कॉलोनी, गंगोह रोड, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने बेटे कदर प्रवेज, पुत्रवधू अंजुम रानी को गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद कर चल–अलच संपत्ति से बेदखल कर दिया है। पौत्र हमजा से भी सम्बंध विच्छेद र लिए हैं। मैं या परिवार किसी कृत्य का जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रवेज आलम पुत्र महमूद हसन
मोहल्ला लहसवाड़ा, देवबंद।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहित वर्मा से तंग व परेशान होकर अपनी कुल चल व अलच संपत्ति से बेदखल करते हुए अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में मैं मेरी पत्नी व मेरा परिवार मोहित वर्मा के किसी भी कृत्य व लेनदेन का जिम्मेदार नहीं होगा।

शिवकुमार पुत्र बुधसिंह निवासी म. नं. 995 दीपचंद शर्मा वाली गली मोहल्ला कायस्वाड़ा (क) थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सूचना**

मेरे मृतक पिताजी के आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिवश ऐजाज अहमद (AIJAJ AHMAD) दर्ज है तथा उनकी जन्म तिथि 01-01-1955 दर्ज है जो कि दोनों गलत हैं। उनका सही नाम उनकी हाई स्कूल की अंकतालिका व पासपोर्ट के अनुसार एजाज अहमद (AIJAZ AHMAD) है तथा उनकी सही जन्म तिथि 26-01-1940 है।

नौशाद अरशी पुत्र एजाज अहमद
निवासी 115 बाजार कला देवबन्द
जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश।

**रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन)/समय-सारणी/मार्ग में परिवर्तन**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली से चलने वाली/पर समाप्त होने वाली निम्नलिखित रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) को आनन्द विहार (ट.)/दिल्ली जं./हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) में परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान टर्मिनल | वर्तमान समय–सारणी | | संशोधित टर्मिनल | संशोधित समय–सारणी | | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | |
| 12801 | पुरी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 04:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 03:50 | --- | 18.08.2025 |
| 12802 | नई दिल्ली | पुरी | नई दिल्ली | --- | 22:40 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 22:50 | 20.08.2025 |
| 12523 | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 12:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 11:55 | --- | 19.08.2025 |
| 12524 | नई दिल्ली | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | --- | 15:10 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 15:20 | 20.08.2025 |
| 14681 | नई दिल्ली | जलंधर शहर | नई दिल्ली | --- | 14:45 | दिल्ली जं. | --- | 14:35 | 15.07.2025 |
| 14682 | जलंधर शहर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 13:15 | --- | दिल्ली जं. | 13:15 | --- | 15.07.2025 |
| 14679 | नई दिल्ली | अमृतसर | नई दिल्ली | --- | 13:50 | दिल्ली जं. | --- | 13:45 | 15.07.2025 |
| 14680 | अमृतसर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 14:25 | --- | दिल्ली जं. | 14:15 | --- | 15.07.2025 |
| 22209 | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 15:55 | --- | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | --- | 18.08.2025 |
| 22210 | नई दिल्ली | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | --- | 22:10 | हजरत निजामुद्दीन | --- | 22:20 | 19.08.2025 |

रेलगाड़ी संख्या 14681 के टर्मिनल एवं समय-सारणी में परिवर्तन

| स्टेशन | वर्तमान समय–सारणी | | संशोधित समय–सारणी दिल्ली जं. से 15.07.2025 से प्रभावी | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | ----- | 14:45 | ----- | ----- |
| दिल्ली जं. | ----- | ----- | ----- | 14:35 |
| गाजियाबाद | 15:23 | 15:25 | 15:13 | 15:15 |
| मोदीनगर | 15:49 | 15:51 | 15:39 | 15:41 |
| मेरठ शहर | 16:08 | 16:10 | 15:58 | 16:00 |
| मेरठ छावनी | 16:16 | 16:18 | 16:06 | 16:08 |
| सकौती टाण्डा | 16:34 | 16:36 | 16:24 | 16:26 |
| मुजफ्फरनगर | 16:58 | 17:00 | 16:48 | 16:50 |
| देवबंद | 17:18 | 17:20 | 17:08 | 17:10 |
| सहारनपुर | 18:25 | 18:35 | 18:25 | 18:35 |

रेलगाड़ी संख्या 12204/12203 अमृतसर-सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस के मार्ग में संशोधन
(यह रेल सेवा नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं ठहरेगी तथा इसे दिल्ली जं. स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा)

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग एवं ठहराव | | | संशोधित मार्ग एवं ठहराव (अमृतसर से 17.08.2025 से तथा सहरसा से 18.08.2025 से प्रभावी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मार्ग | नई दिल्ली | | दिल्ली जं. | | मार्ग |
| | | | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| 12204 | अमृतसर | सहरसा | आदर्श नगर दिल्ली–नई दिल्ली–तिलक ब्रिज–साहिबाबाद | 10:50 | 11:05 | 10:50 | 11:05 | आदर्श नगर दिल्ली–दिल्ली जं.–दिल्ली शाहदरा–साहिबाबाद |
| 12203 | सहरसा | अमृतसर | साहिबाबाद–तिलक ब्रिज–नई दिल्ली–आदर्श नगर दिल्ली | 13:55 | 14:05 | 13:55 | 14:10 | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं.–आदर्श नगर दिल्ली |

1838/2025

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# दिव्या ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

## 19 साल की दिव्या देशमुख ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ यिफान को पराजित कर शतरंज जगत में सबको चौंका दिया



**लंदन, वार्ता।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं। दिव्या ने हेक्सामाइंड शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लिट्ज सेमीफाइनल मैच के दूसरे चरण के वन होउ यिफान को हराया। टीम ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता में कांस्य पदक और रैपिड प्रारूप में रजत पदक जीता। दिव्या ने व्यक्तिगत पदकों में टीम रजत (रैपिड), टीम कांस्य (ब्लिट्ज) और व्यक्तिगत कांस्य शामिल हैं। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती, इसके बाद 2014 में डरबन में अंडर-10 और वर्ष 2017 में ब्राजील में अंडर-12 श्रेणियों में विश्व युवा खिताब जीते। दिव्या जल्दी ही महिला एफआईडीई मास्टर बन गईं और अक्टूबर 2021 तक उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर लिया। दिव्या ने 2024 में बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत की टीम स्वर्ण पदक दिलाया और विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज चैम्पियनशिप के ब्लिट्ज सेगमेंट में 2600 से अधिक प्रदर्शन रेटिंग प्राप्त करके व्यक्तिगत सम्मान अर्जित किया।

### यिफान को हराने पर पीएम ने दिव्या को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीएम ने गुरुवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में चीन की दिग्गज और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज प्रतियोगिता के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। पीएम की इस पोस्ट पर दिव्या देशमुख ने लिखा कि धन्यवाद, आदरणीय पीएम द्वारा मुझे सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब तेंदुल. कर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। इससे पहले इस सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। गुरुवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के अनावरण की घोषणा की। बोर्ड ने बताया कि पटौदी की विरासत को कोई हानि नहीं पहुंचेगी।

इस सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुल. कर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है। इस मौके पर जेम्स एंडरसन ने कहा- मेरे और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि इस प्रतिष्ठित सीरीज का नाम सचिन और मेरे नाम पर रखा गया है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो इतिहास, तीव्रता और अविस्मरणीय क्षणों से भरपूर है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो यह आपको फिर से संगठित होने, सोचने, भूलने और वापसी करने के लिए एक और दिन देता है।



● सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईपीएल-2025 ने तोड़े व्युअरशिप के रिकॉर्ड

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 ने व्युअरशिप के कई रिकॉर्ड तोड़े। इसे टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्म 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। इतना ही नहीं, पंजाब किंग्स और रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया फाइनल मैच अब तक सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना है। आईपीएल के आफिशियल ब्राडकास्टर जियोस्टार ने गुरुवार को पिछले सीजन के आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार, इस भारतीय लीग के 18वें सीजन का वाच टाइम 840 बिलियन मिनट रहा। वहीं, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल ने सभी प्लेटफार्म पर 31.7 बिलियन मिनट व्यूइंग टाइम हासिल किया। टीवी पर इसे 169 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि डिजिटल प्लेटफार्म पर 892 मिलियन वीडियो व्यू और पीक समय में 55 मिलियन दर्शकों के साथ नए रिकॉर्ड बनाया। अहमदाबाद में 3 जून को खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराया था। आरसीबी की टीम ने पहली बार आईपीएल टाइटल अपने नाम किया था। जियोस्टार के स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस के ब्ळ संजोग गुप्ता ने कहा- श्व्युअरशिप के नंबर्स फैंस के प्रति हमारा कमेंटमेंट दिखाते हैं। लाइव में डिजिटल व्युअरशिप 29 प्रतिशत बढ़ी, टीवी में 49 प्रतिशत पिछले साल की तुलना में जियो सटार ने डिजिटल व्यूइंग में 29 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसने 23.1 बिलियन से ज्यादा व्यूज और 384.6 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया। वहीं, लीग की कनेक्ट टीवी ग्रोथ 49 प्रतिशत रही। स्टार स्पोर्ट्स ने 456 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया।

### सूखे मौसम से बैटर्स को मदद की उम्मीद

# पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से

● लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, फरवरी से यहा बारिश नहीं हुई और मैदान सूखा पड़ा है

**लीड्स, वार्ता।** भारत का बहुप्रतीक्षित इंग्लैंड टेस्ट दौरा अब बिल्कुल करीब है। पांच टेस्ट की इस सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा। इस बार लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, जो आमतौर पर इंग्लैंड दौरे का तीसरा टेस्ट होता है। इस बार यहां का मौसम भी कुछ अलग है।

फरवरी से यहां बारिश नहीं हुई है और मैदान एकदम सूखा पड़ा है। इससे पिच की तैयारी भी अलग तरीके से की गई है। पिच 3 दिन पहले तक देखने में हरी जरूर लग रही थी, लेकिन टेस्ट से पहले इसे अच्छे से काटा और रोल किया जाएगा। पिच क्यूरेटर रिचर्ड राबिन्सन कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि पिच अच्छी और संतुलित हो, ताकि बल्लेबाज शाट खेल सकें। राबिन्सन की इस मैदान से जुड़ी कई यादें हैं। बचपन में यहीं पर उन्होंने 1981 की प्रसिद्ध एशेज सीरीज देखी थी, जिसमें लीड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड फालोआन खेलकर 18 रन से जीत गया था। अब राबिन्सन इस ऐतिहासिक मैदान पर एक और टेस्ट की जमीन तैयार कर रहे हैं। मेजबान टीम की कोशिश पहले गेंदबाजी की होगी मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के दौरान तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि, इतनी गर्मी के बावजूद पिच के टूटने की संभावना कम है। पहले दिन कुछ स्विंग या सीम मूवमेंट जरूर मिल सकता है, लेकिन उसके बाद यह पिच सपाट हो जाएगी। ब्रेंडन के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने 22 में से 16 बार टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है, जिनमें से उसे 9 मैचों में जीत मिली है। वहीं, 6 बार पहले बल्लेबाजी चुनने वाली टीम सभी मैच हार गई।

# रोहित-विराट के बिना ड्रेसिंग रूम सूना होगा

● साथियों की गैरमौजूदगी पर छलका केएल राहुल का दर्द



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ड्रेसिंग रूम साझा करना मुश्किल होगा। उनके बिना ड्रेसिंग रूम का माहौल सूना होगा। बता दें कि, विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इससे भारत को दोहरा झटका लगा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का एलान किया। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- शविराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। अपने अब तक के पूरे करियर में, मैं कभी भी ऐसी टीम के माहौल में नहीं गया, जहां न तो विराट और न ही रो‍ि. हत मौजूद हों। केएल राहुल ने आगे कहा कि मैंने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से विराट या रोहित या दोनों ही हमेशा टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके बिना ड्रेसिंग रूम में जाना थोड़ा अजीब जरूर लगेगा। लेकिन निश्चित रूप से उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को अपना सबकुछ दिया है और वे हमेशा भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बने रहेंगे। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं। भारतीय टीम इस सीरीज से विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल



● हेंडिंग्ले टेस्ट से पहले पंत ने कन्फर्म किया, कहा कि मैं नंबर-5 पर खेलूंगा

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे। 27 साल के पंत ने हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा कि मिुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे।

12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पो. जिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- शमैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी आलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लाड्र्स स्टेडियम से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी। भारत ने अपना क्रिकेट सफर

● 94 साल में 3 ही बार जीते, द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता

1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लाड्र्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रा खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13: टेस्ट जीत सका है। भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच ड्रा कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं। 1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाई, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली। 2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के लोगो का किया अनावरण

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप 2025 के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यहां आयोजित समारोह में हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और टूर्नामेंट के लोगो का आधिका. रिक अनावरण भी किया।

आगामी 28 नवम्बर से 10 दिसंबर 2025 तक होने वाला यह दो सप्ताह का टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै शहरों में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में पहली बार दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हमें गर्व है कि तमिलनाडु को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह न केवल हमारे राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल को समर्थन और विकास देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने कहा कि चौथी बार एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करना एक सम्मान की बात है और प्रमुख खेल आयोजनों के एक भरोसेमंद और जोशीले मेजबान के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

# निसांका दोहरे शतक से चूके

**श्रीलंका, वार्ता।** पथुम निसांका (187) की शतकीय और दिनेश चांदीमल (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 368 रन का स्कोर खड़ा कर बांग्लादेश को करारा जवाब दिया। यहां सुबह के सत्र में बांग्लादेश को 495 रन के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसांका और लहिरू उदारा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। 22वें ओवर में लहिरू उदारा (29) तैजुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई।

इसे बाद बल्लेबाजी करने आए दिनेश चांद. ीमल ने पथुम निसांका के साथ दूसरे विकेट लिए 157 रन जोड़े। 51वें ओवर में नईम हसन ने दिनेश चांदीमल (54) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। एंजलो मैथ्यूज (39) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। हसन महमूद ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे पथुम निसांका को बोल्ड कर बांग्लादेश को बड़ी सफलता दिलाई। पथुम निसां. का ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और एक छक्का लगाया। यह दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के लिए बड़ा झटका रहा। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 93वें ओवर में चार विकेट पर 368 रन बना लिये है। वह अभी भी बांग्लादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 127 रन पीछे है। कालमडु मेंडिस (नाबाद 37) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद और मोमिनुल हक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के नौ विकेट पर 484 रन आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में बांग्लादेश ने कल के स्कोर में 11 रन जोड़े थे कि असिता फर्नांडो ने नाहिद राणा (शून्य) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश की पारी का अंत पांच सौ के आंकड़े से पहले 495 के स्कोर पर कर दिया। हसन महमूद सात रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मुशफिकुर रहीम ने (163), कप्तान नजमुल शान्तो ने (148) रनों की शतकीय तथा लिटन कुमार दास ने (90) रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेलकर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो ने चार विकेट लिए।

# ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स



● डब्ल्यूबीबीएल के हुए ड्राफ्ट के दौरान जेमिमाह रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्द्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे।

रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं। कुल मिलकर उन्होंने इस लीग में 30 मैच की 28 पारियों में 26 को औसत और 121 के स्ट्राइक रेट से 644 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

### चोटिल विंडीज खिलाड़ी हेले मैथ्यूज की होगी सर्जरी

**एंटीगुआ, वार्ता।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज कंधे की चोट की सर्जरी करवाने के लिए कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहेंगी। मैथ्यूज को इंग्लैंड दौरे के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाई थीं। कैरिबियाई 27 वर्षीय मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस लौटीं। हालांकि वह आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप में वेस्टइंडीज की टीम हिस्सा नहीं होगी। मैथ्यूज सर्जरी कराकर 2026 तक पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं।



# धार्मिक स्थलों का हो उद्धार: आशु

## देहात विधायक ने उठाया ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यकरण का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा क्षेत्र के पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरणऔर क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण हेतु सपा देहात विधायक आशु मलिक ने विधान सभा की याचिका समिति को विस्तृत पत्र सौंपकर आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

विधायक आशु मलिक द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई प्राचीन मंदिरों की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है तथा उनका जीर्णोद्धार और जनहित में अत्यंत आवश्यक है। इन स्थलों में कोटा बलियाखेड़ी का लगभग 300 वर्ष पुराना शिव मंदिर, माँ ज्वाला जी मंदिर आसनवाली, शिव मंदिर हरौड़ा, खजूरी अकबरपुर, शकला.




पुरी, दिनारपुर, नजीबपुर, वाजिदपुर पीकी, तेलीपुरा, देवी मंदिर पुवारका, रविदास मंदिर पुण्डेन, गोगामेड़ी जाहरवीर मेला स्थल छांचरेकी आदि शामिल हैं। विधायक आशु मलिक ने यह भी उल्लेख किया कि इन स्थलों के विकास के लिए कई बार स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया गया, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त विधायक ने क्षेत्र की अत्यंत जर्जर सड़कों के संबंध में भी विस्तृत जानक. ारी दी। उन्होंने कहा कि देहात विधानसभा की कई मुख्य सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं, जिनसे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें सुनहटी खरखड़ी से शेखुपुर उर्फ छांचरेकी तक का 5 किमी लंबा खंड़जा मार्ग, खजूरी अकबरपुर में महाकाली मंदिर से गांव की ओर जाने वाला मार्ग, मक्काबास में गेस्ट हाउस से हरोड़ा तक का मार्ग, कैलाशपुर रसूलपुर रोड पर मैक्सफोर्ड वर्ल्ड स्कूल के पास की सड़क, दीनारपुर गागलहेड़ी में दया शुगर मिल से हरियाबांस तक की सड़क, भगवानपुर रोड पर रियासत की दुकान से जरीफ के खेत तक की सड़क का निर्माण होना आवश्यक है।

विधायक आशु मलिक ने यह चिंता भी व्यक्त की कि कई मार्गों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्कूल बसें, किसान और व्यापारी प्रतिदिन इन मार्गों से आवागमन करते हैं, जिससे आमजन को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने याचिका समिति के सभापति से मांग की कि पर्यटन और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर उक्त मंदिरों और मार्गों के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कराए जाए।

### मोर्चा अध्यक्ष बनाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** राष्ट्रसेवा, सनातन संस्कृति और युवाओं को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यरत संगठन राष्ट्रार्पण का राष्ट्रीय अधिवेशन वन्देमातरम् मिशन एवं एक चिंगारी ट्रस्ट के संस्थापक विजयकान्त चौहान, को राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बरेली एक सभागर में आयोजित अधिवेशन में कार्यक्रम की शुरुआत श्री 1008 माँ महामंडलेश्वर योग योगेश्वरी यति महाराज, राष्ट्रीय कवि मनवीर मधुर, राष्ट्रीय संयोजक राजकिशोर तथा विजयकान्त चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम् तथा संगठन गीत का सामूहिक गायन कर कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में पूज्य माँ योग योगेश्वरी यति, राजकिशोर, कवि मनवीर मधुर और राष्ट्रीय महामंत्री मंजू शुक्ला ने विजयकान्त चौहान को पगड़ी, पटका, माला, तलवार, नियुक्ति पत्र एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनका भव्य अभिनंदन किया।

# वसूली में तेजी लाएं विभाग: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल मनीष बंसल ने कहा कि विद्युत अधिकारी जनपद के सभी 01 लाख से अधिक बकायेदारों से वसूली के कार्य में तेजी लाते हुए वसूली करें। बकाया जमा न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं विद्युत बिलों की वसूली कर राजस्व बढ़ाने के लिए विद्युत अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े बकायादार जिनके विद्युत कनेक्शन काटे गये है उनका रैण्डमली सत्यापन कराया जाए। उन्होंने लाइन लॉस को न्यूनतम करने के निर्देश दिए। श्री मनीष बंसल ने सभी विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत संबंधी समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर उसका निस्तारण जिम्मेदारी के साथ करें जिससे उपभोक्ता को जल्दी से जल्दी समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना विभाग की महती जिम्मेदारी है। इसलिए मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ कार्य करें ताकि जन सामान्य को विद्युत उपलब्धता को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में चीफ इंजीनियर विद्युत राज. ेश कुमार, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शरीर के लिए फायदेमंद गर्भावस्था के दौरान योग: डा.नैना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ चिकित्सक डा.नैना मिगलानी का कहना है कि योग गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर के लिये फायदेमंद होता है।



डा.नैना ने कहा कि योग गर्भावस्था के दौरान नींद को बढाकर तनाव व घबराहट को कम करता है। साथ ही मांसपे. शियों को मजबूत कर उनकी लचक बढाता है जो नॉर्मल डिलीवरी में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि योगशारीरिक संतुलन बढाता है, निचली कमर के तनाव को कम करने के साथ ही दिमाग को शांत रखता है। योग जोडों एवं मांसपेशियों में खून का प्रवाह बढाकर ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। योग से उल्टी, पैरो में दर्द एवं सूजन कम होती है और शरीर क्रियाशील रहता है।

उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान शवासन, प्राणायाम, मरजरी, कोन, वीरभद्रासन, त्रिकोन, योग निद्रा, उष्ट्रासन, वज्रासन, ताढासन, बढाकोनासन आदि योगासन करने चाहिये। वहीं गर्भावस्था के दौरान नौकासन, चक्रासन, अर्धमत्स्येन्प्रासन, भुजांगासन नहीं करना चाहिये।

डा.नैना का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान योगासन करते समय सावधानी बरतने की भी जरूरत है। शुरूआती महीनों में ऐसे आसन न करें जो शरीर के निचले हिस्से पर अधिक दबाव डालते है। मांसपेशियों को ज्यादा खींचना नहीं चाहिये। ज्यादा थकान वाले आसन नहीं करने चाहिये। सिर के बल या केवल हाथों के सहारे उल्टा खडे होकर योगा नहीं करना चाहिये। आसन करते समय दीवार अथवा कुर्सी का सहारा लेना चाहिये।

# रालोद का बढ़ा कुनबा, भारी संख्या में लोग हुए शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद सिंह अपने साथियों के साथ रालोद में शामिल हो गये। उन्हें महानगर उपाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान द्वारा की गई।

रालोद महानगर कार्यालय पर आयोजित बैठक में पार्टी में शामिल होने वालों का जिलाध्यक्ष शाहजमां खान एडवोकेट व महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि आज राष्ट्रीय लोकदल केंद्र में प्रदेश में सत्ता में भागीदार है। जयंत चौधरी केंद्रीय मंत्री हैं इसलिए सभी पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम




जनता को दिलाने का काम करें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव राष्ट्रीय लो. कदल मजबूती से लड़ेगा इसके लिए सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ तैयारी में जुट जाए। महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने कहा की किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के कुशल नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए आज बड़ी संख्या में लोग राष्ट्रीय लोकदल के साथ जुड़ रहे हैं पार्टी में शामिल होने वालों का मान सम्मान रखा जाएगा एवं उनका यथायोग्य जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रदेश महासि. चव चौ.धीरसिंह ने भी अपने विचार रखे। ठाकुर मूलचंद सिंह के साथ ठाकुर पूरन सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, रमेश कुमार शर्मा, राजवीर सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

बैठक में महानगर उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव मूलचंद रांगडा, नगर सचिव अंकुर चौधरी, गजेंद्र सिंह, पंकज चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव महावीर सैनी एडवोकेट, मंजुल चावला, पार्षद पति भूरा मलिक, शहजाद मलिक, अरविंद मलिक, प्रीतम सिंह सैन,ी अशोक कुमार आर्य, अनिल कुमार, साहब सिंह कोरी, वेद प्रकाश कोरी, प्रदीप कुमार, आरिफ मलिक आदि उपस्थित रहे।

# निगम में धरना रहा जारी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन ग्याहवें दिन भी जारी रहा।

धरना प्रदर्शन मे सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन पर हठधर्मी का आरोप लगाते हुए संगठन और सफाई कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। नगर निगम प्रांगण में चल रहे धरने प्रदर्शन के ग्यारहवें दिन भी उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना प्रदर्शन मे वरदान घावरी व आशू बिरला सांकेतिक भूख हडताल पर प्रात: दस बजे से सांय पाच बजे तक धरने पर बैठे। बृजमोहन चनालिया, वरदान घावरी, मनमोहन सूद, रघुवीर चन्देल ने कहा कि नगर निगम प्रशासन की सफाई कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी करने और लगातार कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा करने के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने आंदोलन को एक कदम बढ़ाकर पदाधिकारी कर्मचारी सांकेतिक हडताल पर बैठे। नगर निगम प्रशसन की हठधर्मी को देखते हुए संगठन और सफाई कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली है, जिसमें पहला कदम सांकेतिक भूख हडताल है। धरने पर रोहित प्रधान, सुनील घाघट, प्रीतम सिंह प्रेमी, राजकुमार बिरला, बृजमोहन सूद, मनमोहन सूद, आशीष महरौल, अविनाश बिरला, वरदान घावरी, सोनू सुपरवाइजर, आशीष, आशू बिरला, कमलेश, राजकुमार जालौन, कविता देवी, श्रीमती राधा देवी, कान्ता देवी, श्यामो, कुलदीप हंस, महेन्द्र बेदी, गीता, कमल किशोर चंचल, सरला, रतन, नाथीराम, ईश्वर सिंह, तौसीफ मौजूद रहे।

# निर्माण में घटिया सामग्री पर कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कोर्ट रोड पर निर्माणाधीन नाले में प्रयुक्त की जा रही सामग्री को प्रथम दृष्टया खराब देखते हुए इसकी जांच कराने और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। महापौर ने आज शाम कोर्ट रोड पर निर्माणाधीन नाले का निगम तथा थर्ड पार्टी राइट्स के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने बाबा लालदास बाडेे के निकट बुद्धघाट पर निर्माणाधीन नदी की दीवार और सड़क का भी निरीक्षण किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज शाम निगम के मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व अन्य अभियंताओं तथा राइट्स अधिकारियों के साथ कोर्ट रोड स्थित दीवानी कचहरी के सामने निर्माणाधीन नाले का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। उक्त नाले में घटिया सामग्री उपयोग होने तथा उसके कारण नाले की दीवार गिरने के सम्बंध में महापौर को शिकायतें मिली थी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया नाला निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी। मुख्य अभियंता निर्माण ने महापौर को बताया कि विभाग द्वारा ठेकेदार को इस सम्बंध में पहले ही तीन नोटिस दिए जा चुके हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने ठेकेदार के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए पूरे मामले की जांच करने तथा ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य अभियंता निर्माण को दिए। इसके अलावा महापौर ने वार्ड 22 में बाबा लालदास बाड़े के निकट शिवधाम गेट से बुद्धघाट तक बनायी जा रही सड़क तथा नदी की निर्माणाधीन दीवार का भी निरीक्षण किया। वहां निर्माणाधीन दीवार में 'वी पोल' नहीं पाये गए और कवर यूनिफर्म नहीं पाया गया। यानि सरिये का कवर एक समान नहीं पाया गया। मुख्य अभियंता ने महापौर को बताया कि इस सम्बंध में भी ठेकेदार को पूर्व में नोटिस दिया जा चुका है। महापौर ने ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद सुखबीर सिंह, अनुज जैन व पार्षद वीर सैन सिद्धू भी मौजूद रहे।



# साप्ताहिक एक्सप्रेस से यात्रियों को होगा लाभ: अनिल

**सहारनपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हरिद्वार-फिरोजपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन (14626/14625) का संचालन प्रारंभ किया गया है। यह ट्रेन हरिद्वार और फिरोजपुर के बीच साप्ताहिक रूप से चलेगी, जिससे तीर्थ यात्रियों और आमजन को आवागमन में सुग. मता मिलेगी।

वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नई ट्रेन हरिद्वार तीर्थ स्थल के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। ट्रेन संख्या 14626 (डाउन) हरिद्वार से चलकर प्रात: 6.05 बजे सहारनपुर जंक्शन पहुंचेगी और 6.10 बजे हरिद्वार के लिए रवाना होगी। वापसी में हरिद्वार से दोपहर 2.45 बजे प्रस्थान कर शाम 4.15 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। इस शुभ अवसर पर अम्बाला डिवीजन के सहारनपुर रेलवे स्टेशन के ट्रेन मैनेजर धर्मवीर द्वारा ट्रेन का संचालन किया गया। ट्रेन के पहले आगमन पर सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर उपस्थित डिप्टी स्टेशन मास्टर राजू, फुरकान अहमद, योगेश कुमार, अर्जुन सिंह, आदित्य कुमार, सन्नी आर्य, राजीव कुमार, सतीश कुमार, सावन कुमार, धीरज कुमार, अर्जुन सहरावत, सुधीर कुमार और बिजेंद्र सहित अन्य रेल कर्मचारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर ट्रेन के सफल संचालन और यात्रियों की सुविधा की दिशा में उठाए गए इस कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना की गई।

# प्रेमी से भरा मन, पति के पास लौटी महिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** पति को छोड़ प्रेमी के घर पहुंची महिला का डेढ माह के अंदर ही प्यार से मोह भंग हो गया जिसके बाद वह खुद अपनी मर्जी से दोबारा अपने पति के घर लौट गई।

चिलकाना क्षेत्र में प्यार की एक अजब गजब कहानी सामने आई है, जिसे जानकर शायद आपका भी सर चकरा जाएगा। लेकिन कहते हैं ना कि प्यार और जंग में सब जायज है, चिलकाना थाना पर प्यार का ऐसा ही एक अनोखा मामला देखने को मिला है जो कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बतातें चलें कि फतेहपुर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले गांव निवासी एक युवती व चिलकाना थाना क्षेत्र निवासी युवक के बीच कई वर्षो से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। युवक एवं युवती शादी भी करना चाहते थे। लेकिन परिजनों ने युवती की शादी सरसावा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले गांव निवासी एक युवक से कर दी थी।

युवती पर प्रेमी के प्यार का ऐसा भूत सवार था कि वह शादी के बाद अपने पति को छोडकर प्रेमी के घर गांव पहुंच गई। तथा चिलकाना थाना पर एक पत्र लिखकर दिया, जिसमें खुद को बालिग बताते हुए अपनी मर्जी से अपने प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। लेकिन प्रेमी के साथ रहते हुए उसने डेढ़ माह ही बिताया था कि उसके के सिर से प्यार का भूत उतर गया। जिसके बाद वह दोबारा चिलकाना थाना पहुंची व कहने लगी कि अब उसे अपनी गलती का अहसास हो गया है इसलिए वह अपने पति के साथ ही रहना चाहती है।

उसने थाना पर दोबारा एक पत्र भी लिखकर दिया कि वह खुद अपनी मर्जी से पति का घर छोड़कर प्रेमी के घर आयी थी और अब खुद अपनी मर्जी से ही अपने पति के घर गांव में जा रही है। महिला ने पत्र में यह भी लिखा है कि वह अपने द्वारा लिए गए फैसले की स्वयं जिम्मेदार है उस पर किसी का कोई दबाव नही है। वह इस सम्बन्ध में भविष्य में किसी भी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध कोई वाद दायर नही करेगी।

**सहारनपुर।** व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन व जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा ने कहा कि पूरे विश्व में 21 जून को मनाया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत के लिए एक राष्ट्रीय पर्व है, क्योंकि दुनिया ने योग को पहचाना है और भारत ही नहीं पूरे विश्व में स्वस्थ रहने के लिए योग की क्रिया श्रेष्ठ है। श्री टंडन व श्री अरोड़ा रेलवे रोड स्थित संगठन के जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में व्यापारी प्रतिनिधियों द्वारा योग के कार्यक्रमों में योग दिवस को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया।

# योग शरीर को स्वस्थ रखने का बेहतर माध्यम: डा.मिगलानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर के प्रख्यात चिकित्साक डा. संजीव मिगलानी ने कहा कि योगा शरीर को स्वस्थ रखने का प्राकृतिक माध्यम है और इससे मैडिकल स्वास्थ्य लाभ मिलता है।



डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि योगासन शरीर में एडरीनल ग्रंथि को नियंत्रित करता है जिससे कोर्टिसोल की मात्रा घट जाती है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों का ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। 30 मिनट योगासन करने से ऊपर वाला ब्लड प्रेशर 26 कम और नीचे वाला 14 कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि डायबिटिज के मरीजों की शुगर कम करना योगासन डायबिटिज के मरीजों में इन्सुलिन रेसिसटेंस को कम करता है। जिससे ब्लड शुगर 30 से 60 तक कम हो जाती है। इसके अलावा योगासन हृदय में रक्त के संचार को बढाता है। जिससे हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है। हृदय के मरीजों को अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार प्रतिदिन 30 मिनट योगासन करना चाहिये। डा.मिगलानी ने कहा कि योगासन फेफडो को लाभ पहुंचाता है और कोलेस्ट्रोल नियंत्रित करता है। योगासन न केवल फैट कम करता है बल्कि शरीर में सिरोटोनिन की मात्रा कम कर डिप्रेशन को कम कर देता है। उन्होंने कहा कि योगासन कैंसर में भी कारगर है।करता है।

# ओल्ड पेंशन की लेंगे सभी सुविधाएं: तरूण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन के उत्तर प्रदेश प्रभारी तरुण भोला ने जानकारी देते हुये बताया की जब से यूपीएस का विकल्प आया है तभी से ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन ने हमेशा इस मुद्दे को उठाया है कि यूपीएस का विकल्प चयन करने के बाद अगर किसी कर्मचारी की रिटायरमेंट से पहले डेथ या डिसेबिलिटी हो जाती है तो उस स्थिति में कुछ भी स्पष्टता नहीं है कि उसको किस प्रकार की पेंशन या फैमिली पेंशन मिलेगी।



उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को 24 फरवरी को पेंशन एवं कार्मिक मंत्रालय के मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह जी के साथ ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारीयों के डेलिगेशन ने भी डिस्कस किया था जिसको मंत्री जी ने स्वीकार करते हुए शीघ्र समाधान किए जाने का आश्वासन दिया था। उन्होने कहा कि कल भारत सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम में सेवाकाल के दौरान मृत्यु या डिसेबिलिटी होने के केस में एनपीएस की तरह ही ओपीएस का विकल्प जारी कर दिया है। साथ ही यूनिफाइड पेंशन स्कीम में भी ग्रेच्युटी का प्रावधान कर लिया है। जिसके लिए ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन ने सरकार को आभार प्रकट किया है।

जनपद सयोजक आनंद त्यागी ने बताया की वो देश और प्रदेश भर के लाखों कर्मचारियों को विश्वास दिलाना चाहते है की एनपीएस हो या यूपीएस हम हर हाल में ओल्ड पेंशन स्कीम की सभी सुविधाएं बहुत जल्द सरकार से लेकर रहेंगे।इसके लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

रूपेश कुमार और मणिक पाल कर्मचारी नेता ने बताया की सभी शिक्षक और कर्मचारियों के लिए डा मनजीत पटेल और हमारे कर्मचारी नेता बहुत मेहनत करके जो संसोधन करा रहे है सभी कर्मचारी और शिक्षक राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते है और बहुत बहुत धन्यवाद करते है।

# कुआंखेडा संगम पर छात्र-छात्राओं का योगाभ्यास

**सहारनपुर।** मां शाकुंम्भरी विश्वविद्यालय के योग महोत्सव का आयोजन आज जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में नानौता के कुआंखेड़ा स्थित संगम तट पर विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं अन्य उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, कार्यकारी कुल सचिव कमल कृष्णा तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर योगाचार्य भीम ने सभी उपस्थित लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न मुद्राओं में योग अभ्यास कराया। लगभग 1 घंटे इस चलेकार्यक्रम में प्राकृतिक वातावरण में एक अनूठे योग अभ्यास का आनंद लिया। इस दौरान योगाचार्य ने प्राणायाम से



विभिन्न बीमारियों के बचाव की भी प्रक्रिया समझाई। इस दौरान कुलपति मैडम ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। स्वस्थ समाज से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सुधीर कुमार ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और संबद्ध महाविद्यालय जोकि इस प्रोग्राम को करने में सहायक रहे तथा उपस्थित पुलिस कर्मियों का भी उन्होंने तहे दिल से उनका भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने किया। इसी क्रम में आज राज्यपाल उत्तर प्रदेश की समस्त विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कार्यालय से एक जारी पत्र में यह निर्देश दिया गया है कि सभी विश्वविद्यालय अपने संबंधित महाविद्यालय को एवं संस्थाओं को निर्देशित करें कि प्रात: 8 बजे सूर्य नमस्कार का प्रोटोकॉल आरंभ होगा।

# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल का जन्मदिन

**सहारनपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन पर आज कांग्रेसजनों ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की और उनके संघर्ष में सहयोगी बनने का संकल्प लिया।

गुरूद्वारा रोड स्थित महानगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। संदीप सिंह राणा ने कहा कि आज पूरे देश में राहुल गांधी जी सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संदीप राणा ने कहा कि राहुल गांधी का यह संघर्ष संविधान की रक्षा के प्रति कांग्रेस के संकल्प का प्रमाण है। जिलाध्यक्ष राणा ने राहुल गांधी को एक ऐसा जननायक बताया जो किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों आदि सभी वर्गों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत हैं और न्याय को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। संदीप राणा ने कहा कि हम राष्ट्रहित में उनके इस संघर्ष में उनके साथ निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने राहुल गांधी को उनके संघर्ष के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह देश को एक सूत्र में बांधने व देश में आपसी सौहार्द्र मजबूत करने के लिए कन्याकुमारी से श्रीनगर और पूर्वोत्तर से मुंबई तक 7000 किलोमीटर से अधिक की जो पदयात्रा की वह अपने आप में उनके संघर्ष का एक जीवंत उदाहरण है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी व पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली ने राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि आज देश में भाजपा के जो लोग सत्ता में बैठे हैं वें देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शौकत हुसैन, पूर्व प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्षगण नितिन शर्मा, दुष्यंत राणा, महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव सोनू पठान, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आरिफ खान, पूर्व सभासद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सागर राणा, कार्तिक राणा, बीरसैन उपाध्याय, इकराम खान, आरिश सिद्दीकी, बिटू चौधरी, प्रभजीत सिंह, नसीब खान, मधु सहगल, अनूप ठकराल, शाजिया नाज, बरकत अंसारी, अमित शर्मा, असगर आलम, कर्ण चौहान, असद खान, मयंक शर्मा, विपिनकांत मौजूद रहे।

### राहगीरों को शर्बत पिलाया

**सहारनपुर।** फ्री स्माइल फाउंडेशन द्वारा मल्हीपुर रोड पर छबील में राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को मीठे शरबत का वितरण कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

फाउंडेशन के संस्थापक रवि त्यागी ने बताया कि इस सामाजिक पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत देना है। उन्होंने बताया कि फ्री स्माइल फाउंडेशन समय-समय पर वृक्षारोपण, स्टील बोतल वितरण, स्कूलों और गाँवों में जागरूकता अभियान जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। लोगों ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर क्रिश त्यागी, हरप्रीत कौर, सारिका गुप्ता, भव्य गुप्ता और नमन गुप्ता सहित फाउंडेशन के कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**शुक्रवार, 20 जून 2025**

## अमेरिका का आचरण

अमेरिका का एक बार फिर दोहरा चरित्र सामने आया है। इस समय पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उनके सम्मान में न सिर्फ व्हाइट हाउस में लंच दिया, बल्कि उनकी जमकर तारीफ भी की। लंच देने से कुछ घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाक सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीज फायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प मुनीर से मुलाकात के बाद मीडिया में एक बार फिर कह बैठे कि यह युद्ध उनके प्रयासों से ही समाप्त हुआ था।

यह बात अलग है कि उन्होंने इसके लिए आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री मोदी की यह कहकर प्रशंसा भी की कि इनकी सूझबूझ और दूरदर्शिता के बीच ही सीजफायर संभव हो पाया था। मतलब साफ है कि अमेरिका की नजर में भारत और पाक एक समान हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है, जबकि दुनिया जानती है कि पाक किस तरह आतंकवाद की पनाहगाह बना हुआ है, लेकिन लगता है कि अमेरिका को इससे कोई मतलब नहीं है। उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प का यह व्यवहार भारत के लिए किसी से झटके से कम नहीं है। जाहिर है, जिस तरह का वातावरण बना हुआ है, इससे भारत में राजनीति तो गर्मानी ही थी, जो गर्माती भी दिखाई दे रही है। विपक्ष भारत की विदेश नीति को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

आरोप लगा रहा है कि यह भारत की विदेश नीति में कमी ही कही जाएगी कि विश्व में हम अकेले पड़ते जा रहे हैं। जिस ट्रम्प का हम कल तक गुणगान करते नहीं थकते थे वह भारत पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की होड़ में पीएम मोदी को बार-बार असहज कर रहा है। एक नहीं बल्कि 13 बार वह ऐसा अनेक अवसरों पर कह चुके हैं। अमेरिका में नहीं जब वह अमेरिका के बाहर दौरे पर होते हैं, तब भी वह यह कहते नहीं थकते कि उन्होंने ही भारत पाक के बीच सीजफायर कराया और उसका कारण भी बताते हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर दोनों को सहमत होने के लिए मजबूर किया।

पाक के आर्मी चीफ आसिम मुनीर तो ट्रम्प के मेजबानी से इतने गदगद हैं कि उन्होंने उनको नोबेल पुरस्कार भी देने की बात कह डाली। उनकी नजर में जिस तरह उन्होंने शांति के लिए भारत-पाक के बीच युद्ध रोकने में मदद की उसके चलते ट्रम्प नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह भी चौंकाने वाले हैं। जैसाकि उन्होंने आसिम मुनीर की मौजूदगी में कहा कि इन दो बहुत चतुर लोगों ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। जाहिर है, यह पूरा परिदृश्य बताता है कि भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। जहां तक बात भारत सरकार की है चाहे वह इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे या न करे लेकिन उसकी तरफ से जिस तरह के संकेत आए हैं वह भ्रम की स्थिति ही पैदा कर रहे हैं और विपक्ष को हमलावर होने का मौका दे रहे हैं।

### भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर ध्यान



पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं, वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं, कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं, 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में जो डेलीगेशन कई देशों में गए थे और वहां क्या चर्चा हुई, इस बारे में हमारी पीएम से बात हुई, जब वे संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने साफ कर दिया था उनका ध्यान भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस-भाजपा की विदेश नीति पर। **-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

## जीवनरक्षक घोल ने दुनिया को बदल दिया

हाल ही में एक गांव में फूड पॉइजनिंग हुआ। एक सामूहिक भोज में साफ-सफाई न होने की वजह से कई लोग बीमार हो गए और अगले ही दिन दर्जनों लोगों में अतिसार जैसे लक्षण दिखने लगे। इससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। कई लोगों को अस्पताल ले जाना पड़ा, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में आए अधिकतर रोगियों को पाउडर का एक छोटा पैकेट दिया गया और उसे पानी में घोलकर पीने की विधि बताकर घर वापस भेज दिया गया।

आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ऐसा कोई भी हादसा लोगों में दहशत और हताशा फैला देता था। उस समय अतिसार से विश्व में हर वर्ष 50 लाख बच्चों की मौतें होती थीं। हालांकि इलाज पर शोध चल रहा था, पर केवल एक ही कारगर इलाज उपलब्ध था-इंट्रावीनस पुनर्जलन (सलाइन चढ़ाना), यह तरीका महंगा था और गिने-चुने अस्पतालों में ही उपलब्ध होता था, खासकर गरीब और दूर-दराज के इलाकों के लिए तो यह नामुमकिन था। इस स्थिति में लोग गाजर का सूप, कैरब का आटा, सूखे केले और यहां तक कि भूखे रहने जैसे घरेलू इलाज आजमाते थे, लेकिन इनसे कोई खास फायदा नहीं होता था।

इनमें सबसे डरावना संक्रमण था ब्लू डेथ यानी हैजा। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती थी और कुछ ही दिनों में पूरे गांव-शहर को तबाह कर सकती थी। 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध के बाद, जब शरणार्थी शिविरों में साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं, तब वहां हैजा फैला। डॉक्टर दिलीप महलनोबीस उस समय सीमा के पास एक अस्थाई अस्पताल चला रहे थे।

बीमारी फैलने के पश्चात जल्दी ही अस्पताल में सलाइन (आईवी ड्रिप) खत्म हो गई। पर्याप्त उपकरण और प्रशिक्षित लोगों के अभाव में डॉ. महलनोबीस ने एक अलग रास्ता चुना। उनकी टीम ने नमक और ग्लूकोज के मिश्रण के पाउच बनाए और मरीजों को दिए। साथ ही उन्होंने मरीज के परिजनों को सिखाया कि इसे पानी में कैसे घोलना है और मरीज को पिलाना है। उन्होंने हैजा की चपेट में आए दूसरे इलाकों में भी यह विधि साझा की।

इसके परिणाम हैरतअंगेज थे, जहां पहले हैजा से 30 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती थी, वहीं इस साधारण घोल से यह दर घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई। डॉ. महलनोबीस का छोटे स्तर पर किया गया यह प्रयोग, जल्दी ही दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया। इसने मौजूदा अनुसंधानों को नया जीवन दे दिया। दुनियाभर के डॉक्टरों ने इस विचार को अपनाया और 1978 में जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस (ORS) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा बना दिया गया। आज यूनिसेफ हर साल लगभग 10 करोड़ ओआरएस के पैकेट बांटता है।



### एक चमत्कारी उपाय

पचास साल बाद भी ओआरएस एक बेहतरीन जनस्वास्थ्य उपाय बना हुआ है। यह आसानी से उपलब्ध है, सस्ता है, इसे थोड़ा-सा प्रशिक्षण लेकर कोई भी इस्तेमाल कर सकता है और समुदाय में इसे आसानी से स्वीकार भी किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसका एक मानक फॉर्मूला बनाए रखता है और जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव करता रहता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी सही दिशा-निर्देशों के साथ आसानी से बनाया और इस्तेमाल किया जा सकता है। महंगे इलाज की तुलना में ओआरएस बहुत सस्ता पड़ता है-यह मरीजों के लिए भी किफायती है और सरकारी स्वास्थ्य बजट पर भी कम बोझ डालता है।

प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्यकर्मी माता-पिता व देखभाल करने वालों को आसानी से इसकी जानकारी दे सकते हैं। घर पर देखभाल के जरिए, अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो एक व्यवस्थित और जमीनी स्तर से स्वास्थ्य सेवा दी जा सकती है। ओआरएस का इस्तेमाल आसान है, जोखिम लगभग न के बराबर है, इसलिए आम लोगों के लिए यह बेहद उपयोगी और सहज उपाय है।

ओआरएस का असर साफ दिखाई देता है। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का बेहद सरल और प्रभावी समाधान है। पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मौतों में 32 प्रतिशत की कमी का श्रेय ओआरएस को जाता है। इसके साथ ही अतिसार की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मामलों में भी गिरावट देखी गई है। ओआरएस का उपयोग अचानक होने वाले अतिसार के इलाज के लिए तो सुस्थापित है ही, यह कुपोषण के इलाज में भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे समय तक अतिसार का कुपोषण से गहरा सम्बंध है। ऐसा माना जाता है कि ओआरएस ने दुनियाभर में 5 करोड़ बच्चों की जान बचाई है। अगर ओआरएस का उपयोग सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच जाए, तो अतिसार से होने वाली 93 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

### रुकावटें

ओआरएस एक असरदार इलाज है। देश में बढ़ते तापमान और ग्रीष्म लहरों के मद्देनजर इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, फिर भी इसके उपयोग में कई रुकावटें हैं। वर्ष 2012 में भारत में केवल 22 प्रतिशत लोगों तक ही ओआरएस की पहुंच थी। कई स्वास्थ्य अभियानों के बाद 2016 तक यह 48 प्रतिशत हो गई, लेकिन अभी भी मंजिल दूर है। दूसरी समस्या यह है कि लोग। चाहे डॉक्टर हों या मरीज, ओआरएस की प्रभावशीलता को कम आंकते हैं। इसलिए, जब केवल ओआरएस और जिंक से इलाज संभव होता है, तब भी कई बार गैर-जरूरी एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। इससे ना सिर्फ ओआरएस के फायदे अनदेखे रह जाते हैं, बल्कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी बढ़ते हैं, जो भविष्य में और बड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ओआरएस को कैसे और कितनी मात्रा में इस्तेमाल करना है, इसकी जानकारी न होना एक और बड़ी चुनौती है। नतीजा यह होता है कि देखभाल करने वालों को अधूरी सलाह मिलती है। घर पर इलाज तभी सफल हो सकता है जब जानकारी सही और पूरी हो। इसके लिए केवल एक बार प्रशिक्षण देना काफी नहीं है, समय-समय पर पुनः प्रशिक्षण भी जरूरी होते हैं, ताकि समुदाय में एक सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता समूह बना रहे। ओआरएस के उपयोग में सरकारी और निजी स्वास्थ्य तंत्रों के बीच भी अंतर देखने को मिलता है। आंकड़े बताते हैं कि समय के साथ, निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों में ओआरएस का उपयोग घटा है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भले ही निजी डॉक्टर ओआरएस लेने की सलाह देते हैं, लेकिन अक्सर वे अपने क्लीनिक या अस्पताल में इसे उपलब्ध नहीं कराते। साथ ही, जब आम लोग ओआरएस के फायदों को कम आंकते हैं, तो वे उसे लेना जरूरी नहीं समझते। इसके विपरीत, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अक्सर ओआरएस के पैकेट वहीं दे दिए जाते हैं, जिससे उनका उपयोग बढ़ता है। इसके अलावा, सरकार आम तौर पर बच्चों को ही ओआरएस देने पर ध्यान केंद्रित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहले अतिसार से होने वाली मौतें ज्यादातर 5 साल से छोटे बच्चों में होती थीं, लेकिन अब जैसे-जैसे अतिसार से होने वाली मौतें कम हो रही हैं और लोगों की औसत उम्र बढ़ रही है, वैसे-वैसे बुजुर्गों में भी अतिसार से मृत्यु का खतरा बढ़ गया है। ऊपर से, जलवायु परिवर्तन और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के चलते अब ओआरएस सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है।

**-राधिका शर्मा**
**(स्रोत फीचर्स)**

## हमें मित्र सोच-समझकर बनाने चाहिएं

**जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आग के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है।**

कुछ स्थानों पर लोग एक उच्च किस्म के गुलाब के साथ निम्नतर किस्म का गुलाब का पौधा लगा देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का परागण अपने ही परागों से न हो जाए ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का वंश न चलता रहे। इस धारणा को यह रूपरेखा दी गई है ताकि परागण उच्चतर किस्म के गुलाबों से हो और निम्नतर किस्म के गुलाब का स्तर ऊंचा हो सके। यह सिद्धांत हमारे अपने जीवन में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। यह कहा गया है कि कोई इंसान अपनी संगति से जाना जाता है। अगर हम अमीर बनना चाहते हैं तो हमें धनवान लोगों की सोहबत करनी चाहिए।

ऐसा करके हम उनके जैसे सोचने और उनके जैसे कार्य करने लगेंगे और हो सकता है, हम भी अमीर हो जाएं। अगर हम धावक बनना चाहते हैं तो हमें धावकों के साथ समय बिताना चाहिए। इस प्रकार हम उनके जैसा जीवन बिताने को प्रेरित होंगे। हम पाएंगे कि हम अधिक कसरत करेंगे, अपने आपको बलिष्ठ करेंगे, आहार पर ध्यान देंगे और दौड़ने का अभ्यास करेंगे। अगर हम लेखक बनना चाहते हैं तो हमें लेखकों की संगति में रहना चाहिए और उस कला का अनुसरण करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी प्रकार अगर हम आध्यात्मिक रूप से विकसित होना चाहते हैं तो हमें ऐसे लोगों की संगति में रहना चाहिए जो स्वयं आध्यात्मिक रूप से विकसित हो चुके हैं। ऐसे लोगों के बीच में हम आत्मा-परमात्मा के सोच-विचार में अधिक समय व्यतीत करेंगे, आध्यात्मिक विषयों पर बातचीत करेंगे और आध्यात्मिक अभ्यासों में समय बिताएंगे। अगर हम किसी ऐसे के साथ समय व्यतीत करेंगे, जो ध्यान-अभ्यास करता हो, तो हो सकता है हम भी ध्यान-अभ्यास करने लगें। अगर हम उन लोगों की संगति में रहेंगे जो सदाचारी जीवन और सद्गुणों को महत्त्व देते हैं तो हम पाएंगे कि हम भी वैसा ही करने लगेंगे। हम अपनी संगति पर ध्यान दें। क्या हम ऐसे मित्र चुनते हैं जो कि हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए हमें गलत विकल्पों की ओर ले जाते हैं या हम ऐसे दोस्त चुनते हैं जो हमें आध्यात्मिक जीवन जीने में मदद करते हैं? जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आगे के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है, जिसके द्वारा हम रूहानी तौर से जाग सकते हैं।

ऐसी हस्ती के नजदीक आकर हमारा ध्यान जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की ओर जाता है। वहां का वातावरण सीधे हमारी आत्मा से संपर्क करता है। जो कोई अपनी आत्मा को जान लेता है, उसकी ओर हमारी आत्मा खिंची जाती है। उसकी चुंबकीय शक्ति हमें ऊपर खींच लेती है और हमारा ध्यान अंतर में मौजूद रूहानी खज़ानों की ओर टिक जाता है। अगर हम अपने ध्यान-अभ्यास में सुधार चाहते हैं तो हम सोचें कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं। अगर हम समय आध्यात्मिक रूप से जागृत और अध्यात्म में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के साथ बिताते हैं तो हम पाएंगे कि हमारा ध्यान अधिक एकाग्र रहेगा और हमारा ध्यान-अभ्यास अधिक फल देगा। अपनी संगति को समझदारी से चुनकर हमें आध्यात्मिक पथ पर तरक्की करने में मदद मिलेगी।



**...साभार प्रभा**

# अमेरिका की डिप्लोमैटिक चाल, लंच टेबल पर पेश हुआ ईरान

पाकिस्तान के सोकोल्ड फिल्ड मार्शल आसीम मुनीर को डोनाल्ड ट्रंप ने लंच पर बुलाया। इससे पाकिस्तान में दिवाली जैसा माहौल बन गया, लेकिन पाकिस्तान भूल गया कि ट्रंप बिना मतलब के किसी को अपने पास बैठाता नहीं है तो लंच तो बहुत दूर की बात है। अब इस डिपलोमैटिक चाल का मतलब समझ में आने लगा है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने कहा है कि अमेरिकी सेनाओं को ईरान में प्रवेश कर उसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद पाकिस्तान को ईरान की परमाणु आपूर्ति मिल जाए। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को सहयोग के लिए या ईरानी परमाणु-समृद्ध सामग्री प्राप्त करने के लिए भुगतान न करने का आह्वान किया। रुबिन ने ईरान और पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी कहा, जबकि दोनों देश कभी-कभी सहयोग करते हैं।

उनकी टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच आई है, जो गुरुवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर जोर देते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। रुबिन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को सहयोगी कहना वास्तविकता नहीं बल्कि कूटनीतिक बयानबाजी है और यहां तक कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्व सोवियत संघ के प्रधानमंत्री जोसेफ स्टालिन को अपना करीबी सहयोगी बताया था। ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने आतंकवाद से निपटने में पाकिस्तान को अमेरिका का करीबी सहयोगी घोषित किया था, रुबिन ने जवाब दिया, याद रखें कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने जोसेफ स्टालिन के बारे में एक करीबी सहयोगी के रूप में बात की थी। यह कूटनीतिक बयानबाजी है।



यह वास्तविकता नहीं है। हर कोई पाकिस्तान को वैसा ही देखता है जैसा वह है, सिवाय शायद डोनाल्ड ट्रम्प के। इसलिए जबकि डोनाल्ड ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर पाकिस्तान के कान में मीठी-मीठी बातें फुसफुसा सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पाकिस्तान से कुछ चाहते हैं। मैं जो तर्क दे रहा हूं वह यह है कि पाकिस्तान से हमें जो कुछ भी मिल सकता है वह पाकिस्तान को सहयोगी के रूप में रखने की कीमत के लायक नहीं है। पाकिस्तान के संदर्भ में अमेरिका द्वारा किए जा सकने वाले लाभ के बारे में आगे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब बात इजरायल-ईरान संघर्ष की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान से संपर्क साधने की आती है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्तमान रुख यह है कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से त्याग देना चाहिए।

एक तरफ, यह पाकिस्तान का हित हो सकता है। मैं 1998 के पाकिस्तान परमाणु परीक्षणों के तुरंत बाद ईरान में रहा था और उस समय अधिकांश ईरानियों ने सोचा था कि वे परीक्षण ईरान के खिलाफ ही थे। ईरान और पाकिस्तान प्रतिस्पर्धी हैं, भले ही कभी-कभी वे एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पाए जाते हों, तो क्या ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ना पाकिस्तान के हित में है?

हां। राष्ट्रपति ट्रम्प शायद यही तर्क दे रहे हैं। हालांकि अगर यह पाकिस्तान के अपने हित में है, तो हमें पाकिस्तान को उसके हित में जो हासिल करना है, उसके लिए एक भी डॉलर नहीं देना चाहिए। साथ ही, अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है, तो इसके लिए अमेरिकी सेना, विशेष बलों की घुसपैठ की जरूरत हो सकती है, और हमें इसके लिए अनुमति मिल सकती है। अगर हम युद्ध समाप्त होने के बाद ईरान की परमाणु आपूर्ति को ट्रक से बाहर ले जाने जा रहे हैं, तो उन आपूर्तियों को कहीं न कहीं जाना होगा और इसलिए शायद इस बात पर कुछ चर्चा हो रही है कि पाकिस्तान को वे आपूर्तियां मिल सकती हैं। फिर से, परिस्थिति कक्ष या विदेश मंत्रालय के बोर्डरूम, कॉन्फ्रेंस रूम में जो अच्छा लगता है, वह वास्तव में जरूरी नहीं है। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि पाकिस्तान को सहयोग के लिए भुगतान किया जाए या उसे ईरान की किसी भी परमाणु समृद्ध सामग्री का प्राप्तकर्ता बनाया जाए, उन्होंने आगे कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ लंच मीटिंग की।

उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि व्हाइट हाउस में हुई इस मीटिंग में उन्होंने असीम मुनीर के साथ ईरान के मुद्दे पर भी चर्चा की। मुनीर से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान ईरान को ष्बहुत अच्छी तरह से जानता है और वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान पर चर्चा की, तो ट्रंप ने कहा, हां, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, ज्यादातर लोगों से बेहतर। वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे इजराइल के साथ बुरे हैं। वे दोनों को जानते हैं, वास्तव में, लेकिन वे शायद ईरान को बेहतर जानते हैं, लेकिन, वे देखते हैं कि क्या हो रहा है, और वे मुझसे सहमत हैं। जैसा कि ईरान और इजराइल ने हमले जारी रखे हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिकी विकल्पों पर चर्चा करने के लिए एक सिचुएशन रूम मीटिंग की, सीएनएन ने बताया। गुरुवार को, इजराइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु सेना तेहरान और ईरान के अन्य हिस्सों में हमलों की एक श्रंखला को अंजाम दे रही है। इससे पहले, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा था कि तेहरान पर हवाई रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। 13 जून को, इजराइल ने ईरानी सैन्य और परमाणु स्थलों पर एक बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया, जिसे ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया। इससे पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। उन्होंने कहा कि यह मिशन इस खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे उतने दिन तक जारी रहेगा। जवाब में, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल ऑपरेशन ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया, जिसमें इजरायली लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन सुविधाओं और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों को निशाना बनाया गया, ईरानी समाचार एजेंसी IRNA ने बताया। यह हमले इजरायली आक्रामकता के खिलाफ सीधे जवाबी कार्रवाई में किए गए थे।



**अक्षत श्रोत्री**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### नोबेल की चाहत में पाक आर्मी चीफ के साथ ट्रम्प की गलबहियां

# ट्रम्प की मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है।

उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले: संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लान में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई। ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजरायल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, श्मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था।

पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वाशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा: भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजरायल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया: आसिम मुनीर

## ट्रम्प को नहीं है इतिहास की समझ

**वाशिंगटन।** पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधार्थी माइकल रुबिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित करने के फैसले को गलत करार देते हुए कहा है कि ट्रम्प को इतिहास की समझ नहीं है और वह नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से वशीभूत होकर फैसले कर रहे हैं। रुबिन ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका का मतलब केवल अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, बल्कि अमेरिकी कांग्रेस है जो द्विदलीय है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को जायज और राष्ट्रपति ट्रम्प के पाकिस्तान की

■ नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से हैं वशीभूत: रुबिन

प्रशंसा वाले बयान को निरर्थक बताया है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकी संगठनों को पनाह और प्रायोजन तुरंत बंद करने की नसीहत भी दी।

रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान को मेरी सलाह है कि वह अपने आतंकवादी प्रायोजन को बंद कर दे। यह किसी भी विश्व नेता का लाभ उठाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। वास्तव में हम इसे पाकिस्तान की अपनी आंतरिक कलह के साथ देखते हैं कि उसने इसकी बहुत कीमत चुकाई है।

### भारी बारिश...



खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में भारी बारिश के कारण बनई नदी पर बना पुल टूट गया जिस पर फंसा खड़ा एक ट्रक।

## ईरानी हमले का निशाना सैन्य ठिकाने, अस्पताल नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि दक्षिण इजरायल पर किए गए ईरानी हमलों का निशाना इजरायली सैन्य खुफिया ठिकाने थे और अस्पताल को निशाना नहीं बनाया था। ईरान की सरकारी समाचार समिति इरना ने गुरुवार को बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस प्रकार की गलत जानकारी दी जा रही है। ईरान के अनुसार, हमले इजरायली सेना के सी41 टेलीकम्युनिकेशन कॉर्प्स मुख्यालय और एक खुफिया इकाई पर किए गए थे। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि जिस अस्पताल की चर्चा हो रही है, वह धमाके के असर से प्रभावित हुआ। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ईरानी मिसाइल ने दक्षिण इजरायल के बेर्शेबा शहर में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली मीडिया ने टूटी हुई खिड़कियों और काले धुएं की तस्वीरें भी जारी की हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बताया कि इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के अराक भारी जल (हेवी वॉटर) संयंत्र पर हमला किया।

## रूस ईरान के परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग का इच्छुक

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस इजरायल की सुरक्षा चिंताओं का ध्यान रखते हुए ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग करने को तैयार है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यहां प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति ने इस बारे में किसी भी प्रकार के ब्यौरे का खुलासा किए बिना पुष्टि की कि रूस ने इजरायल और अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की है और अपने ईरानी समकक्षों को इस आशय के प्रस्तावों से अवगत भी कराया है। उन्होंने कहा सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में ईरान के हितों को पूरा करना और साथ ही इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा संबधी चिंताओं का ध्यान रखना संभव है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने ईरान की परमाणु गतिविधियों पर 'आसपास' के क्षेत्रों में चल रहे तनावों के लिए 'संभावित समाधान' का प्रस्ताव दिया है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है। पुतिन ने कहा कि रूस और ईरान के बीच गहरा विश्वास कृषि और चिकित्सा सहित परमाणु प्रौद्योगिकियों के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अनुमति देता है। पुतिन ने ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम में रूस की दीर्घकालिक भागीदारी को भी याद किया जिसमें बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का पूरा होना भी शामिल है। मूल रूप से जर्मन फर्मों द्वारा डिजाइन की गई इस परियोजना को बाद में रूस के राज्य परमाणु निगम, रोसाटॉम ने पूरा किया था।

■ अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है

## चार साल में 50 लाख शरणार्थी लौटे अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले चार वर्षों के दौरान 50 लाख से अधिक लोग शरणार्थी का दर्जा त्याग कर वतन वापस लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मुतालिब हक्कानी ने दी यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो एवं टेलीविजन (आरटीए) ने बुधवार रात हक्कानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान द्वारा सत्ता संभालने के बाद से 310000 परिवार, जिनकी संख्या कुल सदस्य संख्या 2848000 है, पाकिस्तान, ईरान और तुर्की से अपने वतन अफगानिस्तान लौट आए हैं।

# ईरान में इजरायल के लिए काम करने वाले 18 लोग गिरफ्तार

**तेहरान।** इजरायल के लिए जासूसी करने और कामिकेज़ ड्रोन के डिजाइन करने के आरोप में 18 लोगों को ईरान के पूर्वोत्तर प्रांत रज़ावी खोरासान के मशहद शहर में हिरासत में लिया गया है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।



वहीं आईएसएनए समाचार एजेंसी ने अपनी बताया कि ईरान के खुफिया विभाग ने दक्षिण-पश्चिमी कोगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत में इजरायल के लिए काम कर रहे एक संगठित समूह को मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समूह के सदस्यों ने ईरान के विभिन्न शहरों में हथियार और प्रचार पत्रक वितरित करने की योजना बनाई थी। गौरतलब है कि इजरायल ने 13 जून को तड़के ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया और ईरान पर एक गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम को लागू करने का आरोप लगाया गया। इजरायली वायु सेना ने तेहरान सहित पूरे ईरान में कई हमले किए थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस हमले को अपराध बताया और इजरायल को कड़े और और भयानक परिणाम भुगतने की धमकी दी।

ईरान ने 13 जून की शाम को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने 18 जून को कहा था कि एजेंसी ने इस बात के ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान के पास सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम है।

# भारत-क्रोएशिया का आतंकवाद के वित्त पोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने का आह्वान

**जागरेब।** भारत और क्रोएशिया ने आतंकवाद वित्त पोषण नेटवर्क को बड़ा खतरा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से इस पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान किया है।

तीन देशों साइप्रस, कनाड़ा और क्रोएशिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस वार्ता के बाद जारी वक्तव्य में दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए यह आह्वान किया। दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। इनमें कृषि सहयोग पर समझौता ज्ञापन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और जागरेब विश्वविद्यालय में हिंदी चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन शामिल है।

■ दोनों पक्षों ने की आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा

वक्तव्य में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की यात्रा ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति दी है, जिससे पता चला है कि दोनों अर्थव्यवस्था विशेष रूप से पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में एक दूसरे की पूरक हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री प्लेनकोविच और क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के दृष्टिकोण को दोहराया और इसके औचित्य को किसी भी परिस्थिति में सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराए जाने पर जोर देते हुए आतंकवादियों को 'प्रॉक्सी' के रूप में इस्तेमाल करने की निंदा की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति, आतंकवाद से संबंधित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

## ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराया विमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास का एक विमान बुधवार रात ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया ब्रिस्बेन टाइम्स ने गुरुवार सुबह अपनी रिपोर्ट बताया कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:40 बजे न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ब्रिस्बेन में उतरने के बाद फ्लाइट क्यूएफ 186 ने जेट ब्रिज को टक्कर मार दी। अखबार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित तस्वीरों से पता चलता है कि इस घटना में बो. इंग 737-800 की विडस्क्रीन टूट गई। किसी के घायल होने की खबर नहीं है और यात्री सीढ़ियों के रास्ते विमान से उतर गए।

## बाली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा फिर से शुरू

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा गुरुवार को फिर से बहाल हो गई हैं। हवाई अड्डे और एक सरकारी संस्थान ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दरअसल पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी पर ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम होने के कारण विमान सेवा को फिर से शुरु करने का फैसला किया गया। आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संचार और कानूनी प्रभाग के प्रमुख गेडे एका सैंडी असमादी ने इसकी पुष्टि की और उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा फिर से बहाल कर दिई गई है। आज हवाई अड्डे की वेबसाइट पर अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पहले रद्द की गई कई एयरलाइन उड़ानें धीरे-धीरे संचालन में वापस आ गई हैं। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ने मंगलवार की गतिविधि के बाद धीरे-धीरे ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम हो गया है, जिससे राख का एक कॉलम आकाश में 10 किलोमीटर तक ऊपर तक फैल गया। केंद्र के अनुसार गुरुवार को विस्फोट जारी रहा लेकिन राख दिखाई नहीं दे रही थी।

## चीन की दुर्लभ खानिजों के निर्यात की समीक्षा प्रक्रिया में तेजी

**बीजिंग।** वैश्विक आपूर्ति शृंखला की स्थिरता को अहम मानते हुए, चीन में दुर्लभ खनिजों के निर्यात लाइसेंस की प्रक्रिया में तेजी आई है। यह काम देश के कानूनों और नियमों के मुताबिक किया जा रहा है। चीन ने कानूनी प्रकिया में कुछ निर्यात लाइसेंस आवेदनों को मंजूरी दी है और आगे भी ऐसे आवेदनों की समीक्षा और मंजूरी की प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे याडोंग ने गुरुवार को कहा कि चीन निर्यात नियंत्रण को लेकर संबंधित देशों के साथ संवाद बढ़ाने और नियमों के तहत व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुरक्षा और भू-राजनीतिक तनावों के बीच चीन पर अंतर्राष्ट्रीय नजर बढ़ी है।

## पाकिस्तान ने अरबों की ऊर्जा योजना को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के संघीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिजली क्षेत्र में चक्रीय ऋण (सर्कुलर डेब्ट) से निपटने के लिए 1.275 खरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 4.6 अरब डॉलर) की योजना को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता और निवेशकों का विश्वास बहाल करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह योजना स्थाई सुधार लाने के साथ राजकोषीय बोझ को कम करेगी और राष्ट्रीय बजट पर दबाव डाले बिना देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इस बीच देश के ऊर्जा मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा है कि छह वर्षीय इस योजना को घरेलू वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से तीन महीने के कराची इंटरबैंक ऑफ़र रेट (केआईबीओआर) से 0.9 प्रतिशत कम ब्याज दर पर वित्तपोषित किया जाएगा। इसका 24 त्रैमासिक किश्तों में पुनर्भुगतान किया जाएगा। लगभग 683 अरब रुपये का उपयोग पावर होल्डिंग कंपनी की देनदारियों को पुनर्वित्त करने के लिए किया जाएगा जबकि शेष राशि स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लंबे समय से बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

# मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

### लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गई

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का स्टारशिप-36 राकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ।

धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले राकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि राकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है। स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ आफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन राकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा।



■ आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया: धामाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं

## ईराक ने किया अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान

**बगदाद।** इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। इराकी विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति का समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों का समाधान निकालना है। इसे अलावा कि दोनों पक्षों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों, विशेष रूप से इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। एक अलग बयान के अनुसार, हुसैन को उनके तुर्की समकक्ष हकन फिदान ने कल फोन किया।